तापमान
अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 22.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025

# राज्योत्सव जाने रायपुर से हर आधे घंटे में मिलेगी बस, सीबीडी स्टेशन से पांच मिनट में मिलेगी गाड़ी

## आने जाने के लिए 28 बीआरटीएस बसों का किया जाएगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्योत्सव जाने वाले लोगों के लिए बीआरटीएस बस संचालन करेगी। राज्योत्सव में शामिल होने के इच्छुक बस का किराया देकर सीबीडी स्टेशन पहुंचेंगे। सीबीडी स्टेशन से हर पांच मिनट में मेला स्थल जाने बसों का संचालन किया जाएगा, जिसका अलग से पांच रुपए किराया लगेगा। इसके साथ ही रात के लिए तीन अतिरिक्त बस की व्यवस्था की गई है। नवा रायपुर के लिए बीआरटीएस की 28 बसें संचालित की जा रही हैं। बीआरटीएस सुबह 11 से रात साढ़े नौ बजे तक हर आधे घंटे में बसों का संचालन करेगी। नवा रायपुर, सीबीडी स्टेशन जाने के लिए रेलवे स्टेशन से बसों का संचालन किया जाएगा। बस रेलवे स्टेशन से डीकेएस भवन, तेलीबांधा होते हुए सीबीडी पहुंचेगी। सीबीडी पहुंचने के बाद वहां से मेला स्थल जाने बीआरटीएस की अलग से बस मिलेगी, जिसका अलग से पांच रुपए किराया लगता है। मेला जाने वाले लोगों को नवा रायपुर पहुंचने जो सामान्य 35 से 40 रुपए किराया भाड़ा देना होता है, वह देना होगा।



### अधिकाधिक लोग पहुंचें, इसके मद्देनजर निर्णय

राज्योत्सव स्थल तक शहरवासियों की आवागमन को सुविधायुक्त बनाने के मद्देनजर शासन द्वारा बीआरटी बसों के संचालन का निर्णय स्वागत योग्य है। गौरतलब है कि नवा रायपुर की दूरी सिटी से अधिक है। ज्यादातर लोग अपने निजी वाहनों से विशेष प्रायोजनों में नवा रायपुर आते-जाते हैं। राज्योत्सव में दिन व रात्रि में विविध कार्यक्रम होने हैं। ऐसे में शहरवासी इन बीआरटीएस की बसों से अगले 5 दिनों तक नियमित अंतराल पर अपनी सुविधा के अनुरूप यातायात कर पाएंगे। इस बार छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 बरस के अवसर पर मनाए जा रहे रजत जयंती उत्सव को लेकर अधिक से अधिक लोगों के नवा रायपुर राज्योत्सव पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए विशेष यातायात की सुविधा दी जा रही है।

### नाइट में तीन स्पेशल बस

*सांस्कृतिक कार्यक्रम रात में आयोजित होता है। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने वालों के लौटने बीआरटीएस रात में अलग से तीन स्पेशल बसों का संचालन करेगा। बस सीबीडी से होते हुए तेलीबांधा, डीकेएस के रास्ते रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। जो अपने निजी वाहन से राज्योत्सव देखने जाएंगे, उनके लिए पार्किंग से मेला स्थल जाने अलग से सौ ई-रिक्शा का इंतजाम किया गया है। ई-रिक्शा के माध्यम से निःशुल्क मेला स्थल पहुंचा जा सकेगा।*

### नाइट बसों की टाइमिंग इस तरह से

*रात में राज्योत्सव से लौटने वाले लोगों के लिए सीबीडी स्टेशन में रात 10.6 बजे बस मिलेगी। वहां से बस 10.12 बजे छूटेगी। तेलीबांधा में बस रात 10.37 बजे पहुंचेगी। 10.47 में डीकेएस तथा 10.58 में रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। दूसरी बस सीबीडी से रात 10.42 बजे निकलकर रेलवे स्टेशन 11.28 बजे पहुंचेगी। आखिरी बस सीबीडी से रात 11.12 बजे निकलकर रायपुर रेलवे स्टेशन 11.58 बजे पहुंचेगी।*

## खबर संक्षेप

### कारोबारी चाचा-भतीजे पर चाकू से हमला

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शराब के नशे में धुत होकर मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोधीपारा में अलीगढ़ स्टील के नाम से कारोबार करने वाले दीपक ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह और उसका भतीजा दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इस दौरान नशे में धुत बाइक सवार बदमाश उसके पास पहुंचे और अकारण विवाद करते हुए मारपीट करने लगे। बीचबचाव करने पर बदमाशों ने चाचा के साथ भतीजा वेदांत के साथ मारपीट की। बदमाशों ने दीपक के सिर पर चाकू से हमला किया है। घटना गुरुवार रात 10 बजे की है।

### डकैती मामले के फरार तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने पिछले दिनों स्पॉ सेंटर संचालक का अपहरण कर डकैती डालने के तीन फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य बदमाश अब तक फरार हैं। सन्नी मनवानी की शिकायत पर पुलिस ने धनराज चौधरी उर्फ हनी, गुरविंदर सिंह और नवजोत सिंह भामरा को गिरफ्तार किया है। बदमाश अपने अन्य 15 साथियों के साथ मिलकर सन्नी के स्पॉ सेंटर में धावा बोलकर गल्ले से 20 हजार रुपए तथा एटीएम से 50 हजार, कचना स्थित एक पेट्रोल पंप क्रेडिट कार्ड से 50 हजार रुपए डेबिट कराए थे। इस दौरान बदमाश सन्नी के मैनेजर को स्पॉ सेंटर में बंधक बनाकर मारपीट की थी।

### मार्बल कंपनी के मैनेजर के मकान से 3 लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाना में एक मार्बल कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी सहित तीन लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकित अग्रवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अंकित ने पुलिस को बताया कि वह 27 अक्टूबर को परिवार सहित अपने रिश्तेदार से मिलने रायपुर, पचपेड़ीनाका आया था। अज्ञात चोर इस बात का फायदा उठाते हुए मकान में लगे दरवाजा का ताले को तोड़कर आलमारी में रखी नकदी और जेवर चोरी कर ले गया।

### डेयरी संचालक से बदमाशों ने लूटे 1 लाख 8 हजार

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना में एक डेयरी संचालक ने अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ एक लाख आठ हजार रुपए लूट करने की पुलिस को जानकारी दी है। डेयरी संचालक ने गुरुवार देर शाम तक लूट की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। कामेश यादव ने पुलिस को बताया है कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से जा रहा था। इस दौरान एक ही बाइक पर सवार चार बदमाश उसके करीब पहुंचे। कमलेश के अनुसार बदमाश उसे बाइक से धक्का देकर गिरा दिए और हाथ में पकड़ा नोटों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। कमलेश के अनुसार घटना ओवरब्रिज के पास की है।

## देश के विभिन्न स्टेशनों में रेल मंत्री ने यात्री आवास क्षेत्र विकसित करने दी मंजूरी

# देश के 76 स्टेशनों में बनेंगे नए होल्डिंग एरिया इनमें रायपुर भी, अगली दिवाली तक निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

रेलवे स्टेशन में होली, दीपावली व छठ समेत अन्य बड़े पर्व के समय प्लेटफार्म में भीड़ बढ़ जाती है, जिससे प्लेटफॉर्म पर खड़े होने तक की जगह नहीं बचती। इसी स्थिति को देखते हुए भारतीय रेलवे ने क्राउड कंट्रोल के लिए बड़ा प्लान बनाया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की सफलता के बाद रेलवे अब 76 स्टेशनों पर ऐसी सुविधाएं विकसित करेगा, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से रायपुर स्टेशन को भी जोड़ा गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस योजना को मंजूरी दे दी है। यह फैसला नई दिल्ली स्टेशन पर यात्री होल्डिंग एरिया की कामयाबी को देखते हुए लिया गया है। इस सुविधा की मदद से नई दिल्ली स्टेशन ने दिवाली और छठ जैसे त्योहारों पर भारी भीड़ को आसानी से संभाला था। मंत्रालय का लक्ष्य है कि 2026 के त्योहारी सीजन से पहले इन 75 और स्टेशनों पर स्थायी यात्री होल्डिंग एरिया का निर्माण पूरा कर लिया जाए।

### खास बातें

- नए यात्री आवास क्षेत्रों में दी जाएंगी आधुनिक सुविधाएं, स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार किया जाएगा निर्माण
- दिवाली, छठ, दुर्गापूजा, होली और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों की भीड़ कंट्रोल करने रेलवे ने बनाया प्लान




### यात्रियों को एक जगह पर मिलेगी यह सुविधा

*इस होल्डिंग एरिया में यात्रियों के बैठने, टिकट काउंटर, शौचालय, पूछताछ, लगेज चेकिंग और खाने-पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही यहां पर भीड़ को कंट्रोल करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे और सहायक कर्मी तैनात किए जाएंगे। बता दें कि यात्री होल्डिंग एरिया का मतलब है कि यात्रियों के लिए एक खास जगह बनाई जाएगी जहां वे ट्रेन का इंतजार कर सकें। इससे स्टेशन पर भीड़ कम होगी और यात्रियों को आराम मिलेगा। यह एक अच्छी पहल है, जिससे रेलवे यात्रा और भी सुविधाजनक हो जाएगी।*

### स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से बनाया जाएगा

रेल मंत्रालय के मुताबिक इन नए होल्डिंग एरिया को मॉड्यूलर डिजाइन में तैयार किया जाएगा और हर स्टेशन की स्थानीय परिस्थितियों के हिसाब से बनाया जाएगा। बता दें कि नई दिल्ली स्टेशन पर यह सुविधा सिर्फ चार महीनों में बनकर तैयार हो गई थी। रायपुर मंडल में भी इस बार त्योहार में होल्डिंग एरिया बनाया गया था, लेकिन यह केवल त्योहार को लेकर था। यह सुविधा स्थाई रुप से रहेगी, जिसका उपयोग भीड़ के दौरान उपयोग किया जा सकेगा। जोन में सर्वाधिक भीड़ रायपुर में रहती है इसलिए इसे चुना गया है।

### इन स्टेशनो में बनेंगे अब होल्डिंग एरिया

यात्री होल्डिंग एरिया कुल 16 रेलवे जोनल में बनेंगे। सेंट्रल जोनल रेलवे में 6, ईस्टर्न में 5, ईस्ट सेंट्रल में 6, ईस्ट कोस्ट में 6, नॉर्दन में 12, नॉर्थ सेंट्रल में 4, नॉर्थ ईस्टर्न में 4, नॉर्थईस्ट फ्रंटियर में 2, नॉर्थ वेस्टर्न में 5, साउथर्न में 4, साउथ सेंट्रल में 6, साउथ ईस्टर्न में 3, साउथ ईस्ट सेंट्रल में 1, साउथ वेस्टर्न में 4, वेस्टर्न में 8 और वेस्ट सेंट्रल में 3 होल्डिंग एरिया बनेंगे।

# अधिक मूल्य पर चना-गेंहू बीज वितरण मामले में कृषि विस्तार अधिकारी सस्पेंड


चना-बीज अधिक मूल्य पर वितरण मामले की फाइल डंप, दोषी अफसरों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खबर का असर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में किसानों को निर्धारित से अधिक मूल्य पर बेचा गया गेंहू एवं चना बीज के मामले में एक कृषि विस्तार अधिकारी कृष्णकुमार अनुरागी को सस्पेंड कर दिया गया है। हरिभूमि ने इस मामले में सबसे पहले खबर प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद विभाग ने मामले की जांच करते हुए एक्शन लिया है। हालांकि यह कार्रवाई भी गोपनीय तरीके से की गई, क्योंकि इस मामले में तिल्दा क्षेत्र के सभी कृषि विस्तार अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इन सभी अधिकारियों ने किसानों को अधिक मूल्य पर चना एवं गेंहू बीज का वितरण किया है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

### उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अधिक मूल्य में बेचा गया था बीज

इस मामले की जांच में तिल्दा क्षेत्र के सभी कृषि विस्तार अधिकारियों ने जांच के दौरान दिए अपने बयान में यह स्वीकार कर चुके हैं कि उन्होंने अधिक मूल्य पर किसानों को बीज वितरण किया है, लेकिन इसके लिए वे जिम्मेदार नहीं है, क्योंकि वे सभी अपने अधिकारी के निर्देश का पालन किया है। बीज वितरण को लेकर इन विस्तार अधिकारियों को कृष्ण कुमार अनुरागी ने बैठक लेकर निर्देश दिए थे, जिसके कारण उन पर निलंबन की गाज गिरी है। हालांकि इस मामले में यह भी बातें सामने आई है कि कृष्ण अनुरागी को उनके आला अधिकारी की ओर से इस संबंध में निर्देश मिले थे, जिसके परिपालन में उन्होंने सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को यह निर्देश दिए थे।

### कितने किसानों को राशि लौटाई इसकी जानकारी भी सार्वजनिक नहीं

इस मामले की जांच की जिम्मेदारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कैलाश रस्तोगी को दी गई थी। इस जांच में जितने किसानों से अधिक मूल्य लिया गया था, उतना मूल्य उन्हें वापस करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद कितने किसानों को कितनी-कितनी राशि लौटाई गई है। इसकी भी जानकारी गोपनीय रखी गई है।

# साढ़े पांच हजार रोड एक्सीडेंट में अज्ञात वाहन से मरने वालों की संख्या साढ़े चार सौ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी सहित राज्य में जनवरी से लेकर अगस्त में अलग-अलग रोड एक्सीडेंट में साढ़े पांच हजार लोगों की मौतें हुई हैं। रोड एक्सीडेंट में जितने लोगों की मौतें हुई हैं, उनमें से करीब 10 प्रतिशत लोगों की मौत हिट एंड रन की हैं। हिट एंड रन के मामले में मृतकों के परिजनों को मुआवजा के रूप में दो लाख तथा गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपए शासन द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। राज्य के अलग-अलग जिलों में जनवरी से लेकर अगस्त के बीच हिट एंड रन के 454 प्रकरण सामने आए हैं। इनमें से 146 प्रकरणों में प्रभावितों को मुआवजा की राशि मिल पाई है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

- अज्ञात वाहन में मरने की घटना हिट एंड रन की श्रेणी में



### इस एक्सीडेंट को मानते हैं हिट एंड रन

एआईजी ट्रैफिक के अनुसार रोड एक्सीडेंट में जिन लोगों की मौत होती है, उसमें गाड़ी की पहचान नहीं होती। ऐसे मामलों को हिट एंड रन माना जाता है। ऐसे मामलों में राज्य शासन मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायलों के परिजनों को 50 हजार रुपए मुआवजा के रूप में देता है। एक्सीडेंट करने वाली गाड़ी की पहचान होने पर बीमा कंपनी के माध्यम से मृतक, घायलों के परिजनों को बीमा कंपनी के माध्यम से मुआवजा की राशि मिलती है।

### इस वजह से मुआवजा पेंडिंग

हिट एंड रन मामले में मुआवजा देने का निर्णय जिला प्रशासन करता है। अफसरों के अनुसार मुआवजा देते समय देखा जाता है कि मुआवजा के लिए जिसने आवेदन लगाया है, उसका मृतक के साथ क्या संबंध है। परिजनों से अनापत्ति मंगाई जाती है। इसके बाद मुआवजा दिया जाता है। कई मामलों में मृतक के परिजन आधा अधूरा दस्तावेज लाते हैं, इस वजह से मुआवजा वितरण में देर होती है।

### 13 जिलों में हिट एंड रन के मामले

जनवरी से लेकर अगस्त के बीच हिट एंड रन के जो मामले में सामने आए हैं, उनमें 13 जिले शामिल हैं। हिट एंड रन मामले में मुआवजा देने में छोटे जिले अव्वल रहे हैं। इनमें मुंगेली, बलरामपुर, कबीरधाम जैसे जिले शामिल हैं। बड़े जिले मुआवजा देने में फिसड्डी साबित हुए, जिनकी सूची इस प्रकार से है -

| जिला | कुल प्रकरण | दावा | अधिकरणलंबित |
|---|---|---|---|
| - रायपुर | - 64 | - 21 | - 43 |
| - बलौदाबाजार | - 70 | - 11 | - 59 |
| - महासमुंद | - 40 | - 20 | - 20 |
| - रायगढ़ | - 72 | - 10 | - 62 |
| - राजनांदगांव | - 28 | - 00 | - 28 |
| - कबीरधाम | - 18 | - 00 | - 18 |
| - सरगुजा | - 48 | - 27 | - 21 |
| - सूरजपुर | - 23 | - 09 | - 16 |
| - जगदलपुर | - 25 | - 09 | - 16 |
| - बलरामपुर | - 12 | - 12 | - 00 |
| - बिलासपुर | - 20 | - 08 | - 12 |
| - मुंगेली | - 13 | - 12 | - 01 |

# मोंथा आज भी कराएगा बारिश, 24 घंटे में 3 डिग्री गिरा राजधानी का पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

चक्रवात मोंथा का असर फिलहाल समाप्त नहीं हुआ है। शुक्रवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके अलावा एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने आशंका है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहेगा। 24 घंटे बाद एक नवंबर को वर्षा का क्षेत्र उत्तर छग रहेगा। मोंथा का अवशेष चिन्हित निम्न दाब के रूप में पूर्वी विदर्भ और उससे लगे दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। यह उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ तो ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए पूर्वी मध्यप्रदेश और उससे लगे उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर गमन करते हुए निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में अगले 24 घंटे में परिवर्तित होने की संभावना है।



### 6 सेमी तक बारिश

मोंथा चक्रवात के प्रभाव से कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। प्रदेश में सर्वाधिक 6 सेमी बारिश बड़े बचेली में हुई। इसके अलावा भोपालपटनम में 4 सेमी, कुसमी में 3 सेमी, कुटरू, गंगालूर, भैरमगढ़, दुर्गकोंदल और नारायणपुर में 2 सेमी, औंधी, सामरी, कांसाबेल, उसूर, मानपुर, जगदलपुर, ओरछा, बिहारपुर, कुआकोंडा, कटघोरा, दुलदुला सहित बस्तर और बीजापुर में एक-एक सेमी बारिश हुई। रायपुर में भी तड़के हल्की बारिश हुई। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे।

# सड़कों पर खुदाई करने से पहले सीबीडीयू एप में देनी होगी जानकारी

*यह शर्त अब आरपीएफ, कार्यादेश, समझौते में भी होगी शामिल*

- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश
- केंद्रीय मंत्री सिंधिया इस मामले में सीएम को लिख चुके हैं पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब कहीं भी सड़कों पर गड्ढा खोदने से पहले दूरसंचार विभाग को जानकारी देनी होगी। इस काम के लिए एक सीबीडीयू एप भी बनाया गया है। अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने कहा है कि निकायों के अंतर्गत सभी इकाइयों, कंपनी, ठेकेदार को खुदाई से पहले इस एप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। खास बात ये है कि इस एप का उपयोग सभी आरपीएफ, कार्यआदेश, समझौते की शर्त में अनिवार्य रूप से शामिल भी की जाएगी।

### ये है मामला

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि आपके राज्य में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। यह बात उन्होंने इस संदर्भ में कही है कि सड़कों, पाइप लाइन, केबल एवं गैस पाइप लाइन आदि कार्यों के लिए सड़कों की खुदाई करने से पहले केंद्र सरकार के मोबाइल एप (सीबीयूडी) पर अनिवार्य रूप से जानकारी अपलोड की जानी है। श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपने राज्य के संबंधित अधिकारियों को इन मामलों की जांच करने और इनके समाधान के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दें।

### इसलिए हो रहा है ये काम

दरअसल केंद्र सरकार के संचार विभाग द्वारा राज्य में डिजीटल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केबल वगैरह बिछाई जाती है। बिना सूचना के खुदाई करने से इन केबलों को नुकसान पंहुचता है और इससे नेटवर्क की समस्या पैदा होती है। इसी परेशानी से बचने के लिए केंद्रीय मंत्री ने राज्य के सीएम को हालात से अवगत कराते हुए यह पत्र लिखा था।

### सिंधिया ने बताई गड़बड़ी

श्री सिंधियां ने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि दूरसंचार उद्योग ने आपके राज्य में आने वाली कई चुनौतियों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया है। इनमें ऊर्जा संबंधी मुद्दे और मार्गाधिकार (मार्ग) नियम, 2024 के कार्यान्वयन में देरी या विसंगतियां शामिल हैं, जो सामूहिक रूप से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल रही हैं।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया निर्देश

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के पत्र के हवाले से राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया था। कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न खुदाई कार्य जैसे पाईप लाईन, केबल, एवं गैस पाईप लाईन आदि कार्यों हेतु सड़कों की खुदाई की जाती है। जिस हेतु विभिन्न एजेंसियों के द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्यों की जानकारी अनिवार्य रूप से केंद्र सरकार को मोबाइल एप कॉल बिफोर यू डिग( सीबीयूडी) पर जानकारी अपलोड की जाए।

# रोकी गई ओफ्लैक्सासीन व ओर्निडजोल टेबलेट की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने राज्य में दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने लगातार जांच कर रही है। इसी क्रम में कवर्धा के राज्य औषधि भंडार में नियमित जांच के दौरान ओफ्लैक्सासीन व ओर्निडजोल टैबलेट (ड्रग कोड - SP1978) की कुछ टेबलेट्स को लेकर शिकायतें मिली। जानकारी मिलते ही सीजीएमएससी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन बैचों की सप्लाई रोक दी है। सभी जिला भंडारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्टॉक की ▸▸ शेष पेज 11 पर

**नहीं होगा वितरण:** सावधानी के तहत इन बैचों को "क्वारंटाइन" में रखा गया है और किसी भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य संस्था में इनकी आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी गई है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती, इन दवाओं के उपयोग पर रोक रहेगी। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि मरीजों को केवल अच्छी और मानक गुणवत्ता वाली दवाएं ही उपलब्ध कराई जाएं, इसके लिए संस्था लगातार जांच और निगरानी कर रही है। मौजूदा वर्ष में यह पहली बार नहीं है, जब इस तरह की स्थिति बनी हो।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### प्रदेश के मंत्री गजेंद्र यादव का बिहार में धुआंधार प्रचार

**रायपुर।** बिहार में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव बिहार में जोरों से प्रचार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीत दिलाने सभी संगठन, समुदाय सभी समिति और गांव-गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी को वोट देने के लिए अपील कर रहे हैं। श्री यादव ने छपरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और बिहार के विकास के संकल्प को साझा किया। श्री यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान वकील परिषद की बैठक की ली। सब्जी व्यापारी, किसानों और व्यापारी संघ की बैठक लेकर कहा गया, डबल इंजन की सरकार बनने से बिहार में तेजी से विकास होगा।

### केंद्रीय मंत्री ओराम ने किया संग्रहालय का निरीक्षण



**रायपुर।** केन्द्रीय जनजातीय मामले के मंत्री जोएल ओराम ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेननियों के शौर्य गाथा की स्मृति में तैयार शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह-संग्रहालय के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के मौके पर सह-संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने इस दृष्टिकोण से सुरक्षा सहित अन्य अवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम और विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने इस दौरान केन्द्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ मे हुए जनजातीय विद्रोहों और स्थापित गैलरियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### वेतनवृद्धि की मांग को लेकर जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों का आंदोलन

**रायपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ के आव्हान पर बैंक की सभी 73 शाखाओं में कार्यरत 750 कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति नहीं दिए जाने के कारण 29 अक्टूबर से चरणबद्ध आन्दोलन के प्रथम दिन काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 5 नवम्बर तक मांगें पूरी नहीं होने पर 6 नवम्बर से सभी कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाओं एवं एटीएम बंद रखेंगे। उसके उपरांत भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं करने पर 12 नवम्बर से बैंक के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालिन हड़ताल करेंगे, जिससे धान की खरीदी एवं राशि भुगतान सहित सभी बैंकिंग कार्य तथा बैंक द्वारा संचालित समस्त शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं ठप्प हो जाएगी।

# उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ योजना में मिल सकती है राहत, सीएम ने दिए संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का संकेत दिया है। उन्होंने कहा, सरकार बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर जनता की चिंता से भलीभांति अवगत है और इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। संभव है कि जल्द ही उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बड़ी राहत मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में पत्रकारों के साथ दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया था। इस दौरान विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उनसे बातचीत के दौरान बढ़े हुए बिजली बिल के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस ओर दिलाया कि बिजली बिल हाफ योजना में हाल ही में किए गए संशोधन के बाद उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है और कई परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली बिल हॉफ योजना हो सकती है 100 से बढ़ाकर 200 यूनिट

खास खबर



### सरकार गंभीर, कर रही विचार

मुख्यमंत्री ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, उन्हें इस समस्या की पूरी जानकारी है और सरकार इस पर गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की मंशा हमेशा जनता को राहत देने की रही है और बिजली बिलों को लेकर जो भी निर्णय होगा, वह उपभोक्ताओं के हित में ही होगा। इस फैसले के बाद से ही राज्य के लाखों घरेलू उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ा था। कई सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सीमा पुनः बढ़ाने की मांग की थी। अब मुख्यमंत्री के इस ताजा बयान से उपभोक्ताओं में उम्मीद जगी है कि राज्य सरकार जल्द ही सीमा बढ़ाकर 200 यूनिट तक कर सकती है।

### नया संशोधन जारी कर सकती है सरकार

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, उनकी सरकार जनता के सुझावों को महत्व देती है और जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह सभी वर्गों को ध्यान में रखकर होगा। मुख्यमंत्री के इस संकेत के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि राज्य सरकार जल्द ही बिजली बिल हाफ योजना को लेकर नया संशोधन जारी कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो लाखों उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष राहत मिलेगी और राज्य सरकार की जनहितैषी छवि को और मजबूती मिलेगी।

### सूर्य घर योजना पर पहले सब्सिडी देने पर विचार

पीएम सूर्य घर योजना में उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सब्सिडी सोलर सिस्टम लगने के बाद आती है। उपभोक्ताओं को राहत देने राज्य सरकार यह सिस्टम लगने की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व देने पर विचार कर रही है, ताकि उपभोक्ताओं को अधिक भार न पड़े। केंद्र के साथ राज्य सरकार भी सब्सिडी देती है।

## मोदी की गारंटी अब तक अधूरी, जनता की ओर से कांग्रेस ने उठाए सवाल

# पीएम से कांग्रेस ने पूछे 21 सवाल, 500 में एलपीजी सिलेंडर, महतारी वंदन सहित कई मुद्दों पर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले कांग्रेस ने बीजेपी सरकार से कई सवाल पूछे हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पीएम मोदी से 21 सवाल पूछे हैं। इनमें 500 में गैस सिलेंडर, महतारी वंदन, बिजली बिल हाफ, रोजगार, किसानों की समस्याएं, कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाएं जैसे मुद्दे शामिल हैं।

गुरुवार को रायपुर के राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने मोदी के प्रवास की तैयारियों में करोड़ों रुपये खर्च कर दिए। कांग्रेस ने पूछा कि प्रधानमंत्री के दौरे पर राज्य सरकार ने करोड़ों रुपये प्रचार और मंच साज-सज्जा पर खर्च कर दिए। जो सरकार पीएम मोदी के स्वागत पर करोड़ों उड़ा दे, लेकिन अस्पतालों में दवाएं और बेड न दे पाए, उसे जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी के ये सवाल किसी राजनीतिक विद्वेष से नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से उठाए गए हैं। हम उम्मीद जताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के मंच से जनता को इन सवालों के जवाब देंगे।




### कांग्रेस के 21 सवाल

कांग्रेस ने कहा कि यह सारे सवाल जनता की ओर से पूछे गए हैं। कांग्रेस ने पूछा कि 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देने की मोदी गारंटी कहां गई? महतारी वंदन योजना में 1.25 करोड़ विवाहित महिलाओं में से आधे को भी पैसा नहीं मिला, क्या यह धोखा नहीं? बिहार की महिलाओं को 10 हजार और छत्तीसगढ़ की महिलाओं को सिर्फ 1 हजार रुपये, ऐसा भेदभाव क्यों? भाजपा ने पांच साल में 1 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, दो साल में दो हजार भी नौकरी नहीं दी गई। संविदा, आंगनबाड़ी, मितानिन, एनआरएचएम कर्मियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा अधूरा क्यों? आपने कहा था ऑनलाइन बेटिंग एप और शराब माफिया पर सख्त कार्रवाई होगी पर आज भी ऐप चल रहा। सट्टा और शराब से होने वाली काली कमाई का पैसा कहां जा रहा है।

### जंगल काटकर उद्योगपतियों को फायदा क्यों?

हसदेव से तमनार तक जंगल काटकर उद्योगपतियों को फायदा क्यों दिया जा रहा है? डबल इंजन सरकार में बिजली के दाम तीन से चार गुना बढ़े,क्या यह जनता के साथ अन्याय नहीं? राज्य में कानून-व्यवस्था चरमराई, हत्या, लूट, बलात्कार, गोलीबारी बढ़े, क्या यही सुशासन है? बांग्लादेशी घुसपैठ और पाकिस्तान से ड्रग्स आने की बात आपकी सरकार खुद कहती है तो यह केंद्र सरकार की विफलता नहीं? डबल इंजन के बावजूद केंद्र सरकार ने राज्य से खरीदे गए धान का पूरा चावल सेंट्रल पूल में क्यों नहीं लिया? साल 2023 के बाद कितने नए प्रधानमंत्री आवास, स्वीकृत किए? किसान आज भी यूरिया-डीएपी के लिए भटक रहे हैं, क्या यही डबल इंजन का लाभ है?

### छत्तीसगढ़ से यह कैसा सौतेला व्यवहार

आपकी सरकार ने 10,463 स्कूल बंद किए, एक भी नया स्कूल नहीं खोला, शिक्षा पर यह प्रहार क्यों?15 लाख रुपये खाते में और 2 करोड़ रोजगार का वादा कब पूरा होगा? बस्तर में आई बाढ़ से सब कुछ तबाह हुआ, केंद्र ने कोई विशेष पैकेज क्यों नहीं दिया? छत्तीसगढ़ की यात्री ट्रेनें लगातार रद्द की जा रही हैं. राज्य से 64,000 ट्रेन के फेरे रद्द हुए, ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों? नगरनार इस्पात संयंत्र अभी भी विनिवेशीकरण की सूची में क्यों है? एनएमडीसी का मुख्यालय बस्तर क्यों नहीं लाया जा रहा? क्या मोदी जी यह गारंटी देंगे कि बस्तर की जल-जंगल-जमीन और खनिज संपदा किसी उद्योगपति की जागीर नहीं बनेगी?

# वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान महासचिव दीपक ने 20 हजार फार्म जमा किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस पदाधिकारी हस्ताक्षर अभियान चलाने में जुटे हैं। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दीपक मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को वोट छोड़ गद्दी छोड़ अभियान के तहत 20 हज़ार हस्ताक्षरित फॉर्म जमा किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश से कुल 15 लाख हस्ताक्षरित फॉर्म एआईसीसी को भेजा जाएगा।

- लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है, नींव ही खतरे में

बताया गया है कि वोट की चोरी हो रही है और वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है। लोकतंत्र हर वोट की शक्ति पर टिका है आज यह नींव ही खतरे में है। अलग-अलग विधानसभा में मतदाता सूचियां में लाखों प्रविष्टि अधूरी है, जिनमें सही तस्वीर नहीं है। कई प्रविष्टियां डुप्लीकेट पाई जाती है और लाखों नाम सूचियों से गायब है। समुदाय को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। असली मतदाताओं को दबाने के लिए किया जा रहा है।

जिनकी मृत्यु हो चुकी है वह मतदान कर रहे हैं यह बहुत बड़ी विडंबना है, यह लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। राहुल गांधी के अव्हान पर वोट छोड़ गद्दी छोड़ अभियान के तहत पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान तहत सभी जिलों आयोजन कर लोगों से समर्थन के तौर पर हस्ताक्षर अभियान चला रही है।

## निकायों में राजस्व वसूली की निगरानी के लिए अब हर संभाग में बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के नगरीय निकायों में राजस्व पर्यवेक्षण और निरीक्षण के लिए सभी संभागों के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है। राजस्व टीम प्रतिमाह नगर निगम, नगर पालिका परिषद,नगर पंचायतों का निरीक्षण करेंगी एवं निरीक्षण रिपोर्ट संचालनालय को भेजी जाएगी।

### राजस्व टीमें करेंगी ये काम

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने राज्य के सभी संभागों के लिए अलग-अलग टीमें बनाई है। इसके साथ ही इन टीमों को किस तरह काम करना है ये भी बताया गया है। टीम में शामिल अधिकारी-कर्मचारी मासिक रोस्टर बनाकर संभाग अंतर्गत निकायों का निरीक्षण सुनिश्चित करेंगें। शासन निर्देश के अनुसार निर्धारित चालू एवं बकाया मांग के माहवार निर्धारित लक्ष्य अनुसार निकाय के वसूली का अवलोकन करेंगे।




### टीम करेगी ये जांच

निकाय अंतर्गत कुल भवनों की संख्या, संपत्ति कर एवं जलकर अधिरोपित भवनों की संख्या के आधार पर शत प्रतिशत कवरेज व वास्तविक आकलन के अनुसार कर अधिरोपण की स्थिति की जांच का काम टीम के हिस्से में होगा। इसके साथ ही आवासीय भवनों एवं व्यवसायिक परिसरों की संख्या की जांच कर वसूली हेतु काटे गये रसीदों की संख्या तथा निर्धारित मांग अनुसार वसूली की स्थिति की जांच करना। अन्य करों से प्राप्त चालू एवं बकाया मांग की वसूली की जांच करना एवं अन्य राजस्व वसूली संबंधी विषयों की जांच करना आदि शामिल है।

## बिना पंजीयन खुल गई पशु आहार सामग्री की दुकानें, मांगा जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पंजीयन कराए बगैर पालतू पशु एवं आहार-वस्तु सामग्री बिक्री की दुकानें खुल गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम ने गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय नगर सहित अन्य इलाकों में खुली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ दुकानें ऐसी भी मिलीं, जिनके संचालकों ने पंजीयन ही नहीं कराया है। टीम ने इन दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड की टीम शहर में संचालित कई पालतू पशु दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

### नोटिस जारी

इस निरीक्षण के दौरान पालतू पशु दुकानों में पेट शॉप कानून 2018 के अनुपालन की स्थिति की जांच की गई। दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि दुकानों में रखे गए पशु-पक्षियों के लिए स्वच्छ पिंजरे, साफ पानी और उचित भोजन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपंजीकृत पालतू पशु दुकान संचालकों को सात दिन के भीतर पंजीयन कराने का नोटिस जारी किया। निर्धारित समय में पंजीयन नहीं कराने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

# केवल 5-6 प्रतिशत मतदाताओं को ही दस्तावेज देने की होगी जरूरत

## असुविधा होने पर मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर जो मिलान किया गया है, उसमें बीएलओ द्वारा वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया गया है जो कि 71 प्रतिशत के करीब है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं, मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। एन्यूमरेशन फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा।

बताया गया कि छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। वर्ष 2003 के एसआईआर के बाद विवाहित महिलाएं अपने तत्कालीन मतदान केंद्र से अन्यत्र स्थानांतरित हुई हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर एन्यूमरेशन फेज में 15 से 20 प्रतिशत और महिला मतदाताओं का मिलान किया जा सकेगा। इस प्रकार मिलान का कुल प्रतिशत 71 प्रतिशत से बढ़कर 94-95 प्रतिशत हो जाएगा और केवल शेष बचे मतदाताओं से ही दस्तावेज लेने की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान विभिन्न नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा बीएलओ कॉल रिक्वेस्ट के माध्यम से मतदाता सूची से संबंधित सहायता प्राप्त कर सकते हैं।




### एसआईआर के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला नहीं

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के बीच अब संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला नहीं होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि एसआईआर कार्य से जुड़े किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। जारी निर्देश के अनुसार यह रोक संभागायुक्त, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी और पुनरीक्षण कार्य में लगे अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी विभागों को पत्र जारी कर यह सुनिश्चित करने को कहा, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला न किया जाए, ताकि प्रक्रिया की निरंतरता बनी रहे और कार्य प्रभावित न हो। गौरतलब है कि 27 अक्टूबर को निर्वाचन आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की थी। यह प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 7 फरवरी तक चलेगी, जिसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### वीरभद्र नगर में शौचालय निर्माण का भूमिपूजन

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को डॉक्टर विपिन बिहारी सूर वार्ड के वीरभद्र नगर में 11 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से 10 सीटर शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-पी3ए -111 को श्री मुकेश जाधव पिता श्री वामन राव जाधव, निवासी :- मकान नं. 114, अन्नपूर्णा रोड़, दशहरा मैदान के पास, उपा नगर एक्सटेशन, इंदौर, मध्यप्रदेश, पिन-452009, के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। श्री मुकेश जाधव पिता श्री वामन राव जाधव की मृत्यु दिनांक 12.05.2021 को हो गया है । श्रीमती स्मिता जाधव पति स्व. श्री मुकेश जाधव ने अपने पति श्री मुकेश जाधव पिता श्री वामन राव जाधव की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्रीमती स्मिता जाधव पति स्व. श्री मुकेश जाधव के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर, सेक्टर-29 में आबंटित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी. प्रिमियम 373 को श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा एवं श्रीमती आरती शर्मा पति श्री रविशंकर शर्मा पताः- एस.-6, ग्रीन पैराडाइस, विशाल नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर स्ववितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के विरूद्ध पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। श्रीमती आरती शर्मा पति श्री रविशंकर की मृत्यु दिनांक 29.09.2016 को हो गयी है। श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा ने अपने पत्नि श्रीमती आरती शर्मा की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर यथावत रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन को श्री रविशंकर शर्मा पिता श्री विद्याभूषण शर्मा के नाम पर यथावत रखने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**:: आम सूचना ::**

मेरे पक्षकार टी. अप्पा राव, आयु 65 वर्ष, पिता स्व. टी. रामा राव, पता रामकृष्ण परमहंस नगर, मकान नम्बर 2/224, कोटा, थाना सरस्वती नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी है, जिसने मेरे पिता स्व. टी. रामाराव वल्द स्व. टी. तलऊ राव का निधन दिनांक 05-06-2023 को हो चुका है, जिसके नाम पर श्रीनगर, खमतराई, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित मकान निर्मित है, जिसका पटवारी हल्का नम्बर 49, खसरा नम्बर 454, रकबा 1730 वर्गफीट है, जिसमें मेरे पक्षकार के भाईयों के द्वारा टी. ईश्वर राव, टी. अनंतराव एवं बहन के. पद्मावती, पति के. भास्कर राव के द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया. जा रहा है। उपरोक्त वर्णित मकान को किसी व्यक्ति के द्वारा क्रय किया जाता है, तो इस इश्तहार के माध्यम से अवैध व शून्य माना जावेगा । सो सूचना जाने ......
रायपुर छ.ग.
दिनांक 30-10-2025

**भवदीय**
**बी. के. वर्मा (अधिवक्ता)**
**मो. 8889888543**

न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में
मामला क्रमांकः 202510112800006/04
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
विषयः- अ-20(3) सनः- 2025-2026
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-** रहमत उल्ला खान पिता हबीब उल्ला खान,
**अनावेदक पक्षकार**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रहमत उल्ला खान पिता हबीब उल्ला खान, निवासी अमर चौंक अफरोज विला राजातालाब, रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा तेलीबांधा स्थित भूखण्ड क्रमांक- 12001/33, रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने पंजीकृत बैनामा दिनांक 29/09/2025 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर विक्रेतागणों का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 12/11/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक- 21 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
NAVIN KUMAR THAKUR
**नजूल अधिकारी**
**रायपुर**

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सीमेंट प्लांट के श्रमिकों का 25 दिनों से आंदोलन जारी

**तिल्दा नेवरा।** बैकुंठ स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के मजदूर पिछले 25 दिनों से हड़ताल पर बैठे हुए है , श्रमिकों को बिना कुछ बताए नौकरी से निकल दिया गया। प्रशासन द्वारा अभी तक अड़ियल रवैया अपनाया हुआ है। मजदूरों की जायज मांग के समर्थन में भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के तिल्दा ब्लॉक अध्यक्ष भारत वर्मा, हरीश वर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष, संजय यादव ब्लॉक सचिव, आकाश सिरमौर ब्लॉक सचिव धरना स्थल पर पहुंच कर उनका समर्थन किया और प्लांट प्रबंधन से मजदूरों की मांग पूरी करने का आग्रह किया।

### कुम्हारी में आज से भागवत कथा

**तरपोंगी।** पटेल पारा वार्ड क्रमांक 3 कुम्हारी ( दुर्ग ) में 31 अक्टूबर से



8 नवम्बर तक संगीतमय भागवत महापुराण का आयोजन रखा गया है।जिसके कथा वाचक पं लिखेश्वर महाराज तरपोंगी वाले है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक है। यह भागवत कथा का आयोजन पटेल परिवार द्वारा रखा गया है।

### लक्ष्मीनारायण का एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन

**रायपुर।** चेन्नई में 5 से 9 नवंबर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय एशिया



मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए शिक्षक लक्ष्मी नारायण वर्मा का चयन हुआ है। वे 55 प्लस आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ और लम्बी कूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वे पिछले तीन वर्षों से लगातार राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेते आ रहे हैं। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन किया है। उनके चयन पर कुरूद (सिलयारी) के ग्रामीणों और साथी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रवीण श्रमजीव पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनोनीत

**अभनपुर।** युवा पत्रकार प्रवीण साहू को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार



संघ के अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी द्वारा किया गया। मनोनयन पर प्रवीण साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के अधिकारों के लिए निर्भीकता से कार्य करेंगे और संघ की गरिमा बनाए रखेंगे। उनके ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### आत्मानंद विद्यालय कूंरा न्योता भोज का आयोजन

**कूंरा।** पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुंरा में स्वर्गीय मालचंद जी अग्रवाल के स्मृति में उनके सुपुत्र श्री मदन गोयल (भूतपूर्व शाला विकास समिति के अध्यक्ष) किरोड़ीमल , मयंक, श्रेयांस, अमित, उनकी सुपुत्री सतभामा अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार की तरफ से न्योता भोज का आयोजन करवाया गया, जिसमे बच्चों को खीर, पुरी एवम सब्जी दिया गया। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि न्यौता भोज में अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने सबसे पहले रसोई का भोग लगाया।

## निधन

### राधेलाल साहू

**आरंग।** ग्राम जरौद उमरिया



निवासी राधेलाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के शमसान घाट में किया गया। वे नारायण साहू के बड़े पुत्र, नरोत्तम के भतीजे व तोषण, थानेश्वर साहू के भाई थे।

# मोंथा चक्रवात से दिनभर हुई बूंदा-बांदी, धान कटाई पर लगा ब्रेक, किसान चिंतित

## पकी फसल के लिए घातक, दिनभर अंचल में बदली और बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अरब सागर से उठे चक्रवात 'मोंथा' का असर आरंग लाखौली क्षेत्र में भी दिखा। गुरुवार को पूरे दिन आसमान में घने बादल छाए रहे, ठंडी हवाएँ चलती रहीं और समय-समय पर बूंदाबांदी होती रही। मौसम के इस बदलते मिजाज ने खेतों में चल रही धान कटाई की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। गुरुवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे।इस दौरान बुधवार की रात रुक रुक हुई बूंदाबांदी गुरुवार देर शाम तक जारी रही। जिससे खेत व खलिहान गीले हो गए, जिसके कारण किसानों को मजबूरन धान की कटाई रोकनी पड़ी। कई किसानों ने बताया कि फसल अब पूरी तरह पक चुकी है, लेकिन






जमीन गीली होने से कटाई मशीनें खेतों में नहीं उतर पा रहीं।ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ किसानों ने हाथ से छूटपुट कटाई की कोशिश की, मगर लगातार नमी बने रहने से फसल को खेत में ही रचा (इकट्ठा) कर छोड़ना पड़ा। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता साफ झलक रही है।मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात मोंथा का असर अगले एक-दो दिन और बना रह सकता है। बादल और हल्की बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम सामान्य होने तक कटाई के कार्य स्थगित रखें ताकि नुकसान से बचा जा सके।ग्रामीणों ने बताया कि 17 नवंबर के धान खरीदी शुरू होनी है, ऐसे में मौसम का यह रुख किसानों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

अभियान : रैली का लखौली गांव में जगह जगह स्वागत किया

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली नशा मुक्ति रैली व किया नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

युवाओं को नशे की लत से दूर रखने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत लाखौली में मोस्ट एंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट–2025 के तहत 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी, रायपुर द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली एवम नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।रैली का शुभारंभ कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरुद्ध द्वारा हरि झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर लेप्टिनेट कमांडर अखिल शर्मा सब लेप्टिनेट नन्दकिशोर मीना (एएनओ) चीफ इंस्ट्रक्टर बलविंदर पेटी अधिकारी अमरदीप चावड़ा पेटी अधिकारी जगदीश बिष्ट




एलएस अल्का पटेल (सीटीओ) नेहा साह (जीसीआई) सहित अन्य प्रशिक्षकगण उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में एनसीसी प्रशिक्षकों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खुद नशा न करें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित करें।इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और उत्साह के साथ नशा मुक्ति रैली निकाली। कैडेट्स ने "नशा छोड़ो – जीवन जोड़ो", "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत", "नशे से दूर रहो, खुशहाल जीवन जियो" और "नशा विनाश की जड़ है" जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए पूरे गांव में भ्रमण किया।

### नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी

इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामो को दर्शाया गया जिसे ग्रामीणों ने बड़ी रुचि से देखा।रैली ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय परिसर, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों से होकर गुज़री।ग्रामीणों, युवाओं ने रैली का स्वागत किया और नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। कैडेट्स ने ग्रामीणों को शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट आदि के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के बारे में बताया तथा नशा छोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।इस अवसर केडेट्स की भेंट सरपंच हिरामन साहू से हुई उन्होंने कैडेटस को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित ओर नशा मुक्ति के प्रति प्रयासों की सराहना करते हुए आगे कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं बल्कि युवाओं में सेवा भावना, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश के भविष्य हैं और उनका यह प्रयास समाज में परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरक कदम है। रैली के समापन पर कैडेट्स ने सामूहिक रूप से नारा लगाया नशा मुक्त भारत का सपना, एनसीसी कैडेट्स ने ठाना।

# आंवले के पूजन से अश्वमेध यज्ञ का पुण्य फल प्राप्त होता है: डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में चल रहे चातुर्मास्य के क्रम में गुरूवार को धात्री नवमी के पर्व पर आंवले का पूजन समस्त गुरु भक्तों ने मिलकर संपन्न किया। सर्वप्रथम भगवान विष्णु का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक किया गया तथा श्री सूक्त पुरुष सूक्त नारायण सूक्त से उनका पूजन किया गया। विभिन्न प्रकार के फलों से अर्चन किया गया। केला, आंवला, अमरूद, वेर आदि रितु फलों से पूजन संपन्न हुआ। आंवले के वृक्ष को धागा से वेष्टित करके उसके मूल में जलाभिषेक किया गया। तत पश्चात समस्त भक्तों ने भगवान नारायण की आरती का गायन किया और पुष्पांजलि की। शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि आंवले के वृक्ष के नीचे भोजन करने से अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है। आंवले के वृक्ष में जितने पत्ते होते हैं उतने ही अश्वमेध यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है। आंवला नवमी के दिन प्रत्येक व्यक्ति को आंवले के फल को शरीर में लगाना चाहिए। आंवले का फल का आहार करना चाहिए और आंवले के फल की माला भी धारण करने से उसको नारायण के



### शास्त्रों में है वर्णन

शास्त्रों में यह भी वर्णन प्राप्त होता है कि आंवले के वृक्ष के नीचे पिता, दादा तथा जिनकी संतान नहीं हुई है। ऐसे पितरों को जल तर्पण देने से उनको वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। अतः तर्पण श्राद्ध भी आंवले वृक्ष के नीचे करना चाहिए। पूजन में विशेष रूप से एम एल पांडे सपरिवार आचार्य धर्मेंद्र महाराज, आचार्य कोमल महाराज, महेंद्र शास्त्री, रामकुमार महाराज, हनुमान तिवारी, अनिल दुबे, अलका, कविता, अमृता, राधे साहू, खिलावन साहू, भारत साहू, नंदकिशोर देवांगन, अशोक पांडे, आदि गुरु भक्त सम्मिलित हुए।

स्वरूप की प्राप्ति हो जाती है। जो व्यक्ति आंवले के वृक्ष में लोगों को भोजन करवाता है उसको करोड़ यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है। इसलिए आंवले के वृक्ष के नीचे खुद भोजन भी करना चाहिए और अन्य लोगों को भी भोजन करवाना चाहिए।

## छग ग्रामीण बैंक ने बीमा राशि दो लाख का किया भुगतान



**धरसीवां।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) भारत सरकार की एक ऐसी कल्याणकारी पहल है, जो अत्यंत कम लागत पर देश के करोड़ों परिवारों को जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करती है। इसी योजना की महत्ता को रेखांकित करते हुए, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक (सीजीबी) की धरसीवां शाखा ने एक अनुकरणीय पहल की है, जहाँ एक दिवंगत बीमाधारक के परिवार को त्वरित रूप से बीमा दावे की राशि प्रदान की गई है।

ग्राम चरौदा के निवासी स्वर्गीय झलेंद्र कुमार वर्मा की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के उपरांत, बैंक ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए, उनकी नॉमिनी श्रीमती शांति वर्मा को तत्काल 2 लाख की बीमा राशि का चेक सौंपा। यह राशि उन्हें पीएमजेजेबीवाई के तहत उनके नामांकन के आधार पर दी गई, जिसके लिए स्वर्गीय वर्मा मात्र 436 का वार्षिक प्रीमियम जमा करते थे।

**वित्तीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभः** इस अवसर पर, बैंक शाखा प्रबंधक श्री नवीन शर्मा ने अपने उद्बोधन में इस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, चरौदा निवासी स्वर्गीय झलेंद्र कुमार वर्मा ने एक छोटा-सा प्रीमियम भरकर अपने परिवार के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच सुनिश्चित किया था। मैं दृढ़ता से कहता हूँ कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। बता दे कि यह घटना केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा प्रतिबद्धता को जमीनी स्तर पर उतारने का एक जीवंत उदाहरण है। पीएमजेजेबीवाई 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के बैंक खाताधारकों को 2 लाख का जोखिम कवर प्रदान करती है।

## चाकू की नोक पर घर में घुसकर सात लाख के आभूषणों की लूट



**तिल्दा नेवरा।** गुरुवार दोपहर बैकुंठ निवासी टी सुदर्शन राव उर्फ अन्ना ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि बुधवार दोपहर लगभग 1.30 से 2:30 बजे के बीच अज्ञात दो लोग घर में आए और प्रार्थी एवं उनकी धर्मपत्नी के गले पर चाकू रखकर कमरे में रखे अलमारी के लाकर को तोड़कर उसमें रखे लगभग 7 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरातों की चोरी कर फरार हो गए , आज प्रार्थी के साथ रायपुर निवासी उसका भाई टी धर्मा राव भी थाना पहुंचे और उन्होंने बताया कि आज घटना की जानकारी मिलने पर वे रायपुर से आए हैं और थाना में शिकायत दर्ज कर रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज करने में 24 घंटे क्यों लग गए घटना बुधवार दोपहर 1:30 से 2:30 बजे के बीच की है और आज गुरुवार दोपहर में प्रार्थी थाना में घटना की शिकायत दर्ज करने पहुंचे, और इतनी बड़ी घटना की जानकारी उनके पड़ोसियों को भी नहीं है जो एक बड़ा सवाल खड़ा करता है, ऐसे में कई संदेह भी पैदा हो रहे है। घटना की जानकारी होते ही नेवरा पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और पूछताछ कर रही है, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, सूत्रों की माने तो यह घटना पुलिस के गले भी नहीं उतर रही है फिर भी पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# इंक्रीमेंट की मांग, सहकारी बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर अभनपुर शाखा के कर्मचारियों ने वार्षिक वेतनवृद्धि की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार से मार्च 2021 से लंबित वेतनवृद्धि लागू करने की मांग की। यूनियन का कहना है कि पिछले पाँच वर्षों (मार्च 2021 से मार्च 2025) तक वेतनवृद्धि नहीं होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है इसको लेकर यूनियन द्वारा 29 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सभी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा वही 3 से 5 नवम्बर तक शाखा कार्यालयों एवं मुख्यालय में एक घंटे की नारेबाजी कर प्रदर्शन,6 नवम्बर को सभी कर्मचारी एक दिन का सामूहिक अवकाश लेकर नारेबाजी,7 से 11 नवम्बर तक जिला नोडल कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन,12




नवम्बर से, मांग पूरी न होने पर बैंक व एटीएम मशीनों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। कर्मचारी यूनियन का दावा है कि बैंक मुख्यालय सहित 73 शाखाओं के कर्मचारी आंदोलन में शामिल रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ शासन ने उच्च न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर सहकारी बैंक कर्मचारियों को हड़ताल करने पर विवश किया है। उल्लेखनीय है कि 17 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य आरंभ होने वाला है, जो जिला सहकारी बैंक के माध्यम से संचालित होता है। ऐसे में कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से धान खरीदी प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस अवसर पर बीएम शशिकुमार यादव,अंगद साहू,प्रदीप राजपूत,चूड़ामणी शर्मा,बसंत सोनवानी,श्रीमति जागेश्वरी नेताम,श्रीमति लता कुर्रे प्रमुख रूप से मौजूद रही।

समाज को एकजुट रखने का लिया संकल्प

# श्री सहस्त्रबाहू जयंती पर कलार समाज ने पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका मंदिर हसौद में सोमवार को सिन्हा कलार समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आयोजन में समाजजनों की भारी उपस्थिति रही और पूरे परिसर में "जय सहस्त्रबाहु अर्जुन" के जयकारे गूंजते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती से हुई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं महिलाओं ने भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा का पूजन कर प्रसाद वितरण किया। सामूहिक आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर समाज की सुख-समृद्धि और एकता की कामना की। पूरा मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास के वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों और गणमान्यजनों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के आदर्शों, पराक्रम और धर्मनिष्ठ जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु



केवल शक्ति के प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और समाज सेवा के प्रेरक भी हैं। उनके जीवन से हमें त्याग, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य गोवर्धन सिन्हा ने कहा, "भगवान सहस्त्रबाहु हमारे समाज के गौरव और प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी जयंती हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहने और समाज की एकता बनाए रखने का संदेश देती है।" उन्होंने समाज के युवाओं से संस्कारवान बनने और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख संतोष सिन्हा, पार्षद निर्देश सिन्हा, कोमल सिन्हा, राधे सिन्हा, हनुमान सिन्हा, शैलेंद्र सिन्हा, कुन्ती सिन्हा, रुक्मणी सिन्हा, नगीना सिन्हा तथा अनिल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।जयंती उत्सव के समापन पर सभी समाजजनों ने एकजुटता, सहयोग और समाज उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। पूरे दिन भक्ति, सद्भाव और समाजिक एकता का वातावरण बना रहा।

### पंचायत को पट्टे बांटने का अधिकार नहीं : मंत्री वर्मा

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा में नया विद्युत सब स्टेशन का भूमि पूजन मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि आसपास शासकीय जमीन से अतिक्रमण को हटाया जाएगा। मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि नए विद्युत सब स्टेशन के आसपास स्थित सभी अतिक्रमणों को हटाया जाएगा, सरकार की भी मनसा है कि सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त किया जाए क्योंकि कई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जिसके लिए अवैध कब्जा हटाना जरूरी है।

वहीं ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में 45 लोगों को आबादी पट्टा दिए जाने के सवाल पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत को पट्टा बांटने का अधिकार होता है, पंचायत आबादी घोषित कराकर मास्टर प्लान के तहत पट्टा वितरण कर सकता है,

बता दें कुछ लोगों द्वारा इसकी शिकायत कर विरोध किया जा रहा था, परंतु अब राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के इस बयान से रास्ता साफ हो गया है।

## पेज 09 के शेष...

### अधिक मूल्य पर चना-गेंहू...

यही वजह हो सकती है कि करीब माह भर पहले की गई इस कार्रवाई को सार्वजनिक तक नहीं किया। हरिभूमि ने जब मामले में विभाग द्वारा जांच के बाद की गई कार्रवाई की पड़ताल की, तो एक अधिकारी के सस्पेंड करने की जानकारी सामने आई।

<B>लगभग सात सौ किसानों को बेचा गया अधिक मूल्य पर बीज<B>

तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य पर दोनों बीज बेचकर लाखों रुपए वसूल किए थे। इस मामले में अफसरों की जांच में पता चला था कि प्रति बोरी गेंहू बीज को 268 रुपए तथा चना बीज बोरी को 290 रुपए अधिक कीमत पर किसानों को बेचा गया था। इस जांच के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी को निलंबित करते हुए उन्हें विभाग के जिला मुख्यालय में अटैच किया गया है।

### साढ़े पांच हजार रोड एक्सीडेंट में...

हिट एंड रन के टॉप थ्री सिटी में रायगढ़-74, बलौदाबाजार-72 तथा रायपुर में 64 लोगों की मौतें हुई हैं। इन तीन जिलों में हिट एंड रन से 46 प्रतिशत लोगों की मौतें हुई हैं। इस संबंध में एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा का कहना है कि इन तीन जिलों में लंबी दूरी के लिए भारी मालवाहक वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है, इस वजह से रोड एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।

### रोकी गई ओफ्लैक्सासीन व...

जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, संबंधित दवाओं को री-टेस्टिंग (पुनः जांच) के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यदि अन्य जिलों के औषधि भंडार में खामियां पाई जाती हैं तो वहां भी इन टैबलेट के वितरण पर रोक लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बालाजी विद्या मंदिर में मनाया विश्व जूडो दिवस



रायपुर। देवेन्द्र नगर स्थित बालाजी विद्या मंदिर में विश्व जूडो दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जूडो खेल के संस्थापक डॉ. जिगोरो कानो का जन्मदिन केक काटकर उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रायपुर साई की डिप्टी डायरेक्टर गरिमा चौधरी, जिन्होंने जूडो में 2012 के लंदन ओलंपिक खिलाड़ी, 2014 में कॉमनवेल्थ गेम्स, 2019 में साउथ एशियन गेम स्वर्ण पदक और कई अंतस्राष्ट्रीय खेलों में भारत के लिए पदक हासिल किया, उनके द्वारा बालाजी जूडो अकादमी में छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा एवं उन्होंने जीवन में खेल के महत्व को समझाया। गरिमा छात्रों को निरंतर बालाजी अकादमी में प्रशिक्षित करेंगी। श्री बालाजी स्कूल के अध्यक्ष श्रीजी स्वामी ने छात्रों को खेल जगत में अपना एवं देश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। गरिमा चौधरी को अकादमी द्वारा शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया, जिसमें शाला की प्राचार्या डॉ. फ्रेंनी जयप्रकाश, अकादमी के प्रमुख कोच सूरज वर्मा, कोच अजय तिवारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## निधन

### नंदलाल पंजवानी

रायपुर। महावीर नगर निवासी नंदलाल पंजवानी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 30 अक्टूबर को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पंकज, संतु के पिता और सुनील, राहुल, साहिल पंजवानी के चाचा थे।

# शहर के डेढ़ दर्जन चौराहों पर सुगम यातायात, तार के गुच्छे नहीं दिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राजधानी के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों पर आने वाले दिनों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। चौराहों की दशा सुधारने में 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नगर निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट तय कर बाकायदा इसकी प्लानिंग की है। इसके संबंधित आर्किटेक्ट ने प्रारंभिक ड्राइन डिजाइन बनाकर निगम को दिया है। सिविल वर्क के लिए नगर निगम का लोक कर्म विभाग रीटेंडर कर एजेंसी तय करेगा। भीड़ वाले इलाकों में सिग्नल लगाने का काम, बिजली पोल और तार को सुव्यवस्थित कर इसे भूमिगत कराया जाएगा, साथ ही डिवाइडर निर्माण का कार्य शामिल है।

नगर निगम द्वारा नगर उत्थान योजना के तहत इम्पेनल्ड आर्किटेक्ट की निगरानी में शहर के 18 चिंहांकित चौराहों की दशा सुधारने का कार्य कराया जाएगा। इम्पेनल्ड आर्किटेक्ट को प्रोजेक्ट कास्ट की 1.16 फीसदी राशि परामर्श शुल्क के रूप में दी जाएगी। जिन चौराहों पर सुगम आवागमन के लिए काम होना है, उसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी नाका चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर चौक, तेलघानी चौक, शंकर नगर चौक, बिलो ब्रिज सहित अन्य चौराहे शामिल हैं।

## नगर उत्थान योजना में होगा काम, 10 करोड़ होंगे खर्च

### इन चौराहों को करेंगे व्यवस्थित

पचपेड़ी नाका चौक, खम्हारडीह चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, पिकाडली हॉटल मोहबा बाजार चौक, सिविल लाइन स्थित कटोरातालाब चौक, जीई रोड स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय चौक, एनआईटी चौक, अनुपम गार्डन चौक, वंदना आटो चौक, आमापारा चौक ,आजादचौक, अवंतिबाई चौक, लाखे नगर चौक, भनपुरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, वीआईपी रोड स्थित फुंडहर चौक, कौशिल्या विहार गेट, तेलघानीनाका चौक, समता कालोनी स्थित अग्रसेन चौक, मोवा थाना चौक, दलदल सिवनी टर्निंग पाइंट चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज, मेकाहारा चौक।



### 26 चौराहे चिन्हांकित, पहले फेज में 18 पर होगा काम

सालभर पहले नगर निगम ने लोक निर्माण विभाग, सीएसईबी, जिला प्रशासन, ट्रैफिक विभाग और पुलिस विभाग की टीम के साथ मिलकर शहरभर का सर्वे कर 26 चौराहों को चिंहांकित किया। इनमें से प्रथम फेज में 18 चौराहे पर इम्पेनल्ड आर्किटेक्ट की निगरानी में चयनित एजेंसी काम करेगी। सामान्य सभा से यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ है। नगर उत्थान योजना के तहत कार्य होगा, जिसमें 10 करोड़ खर्च होंगे।

**- मीनल चौबे, महापौर**, नगर निगम रायपुर

## वर्ष 2022 में जिले में 100 से अधिक राशन दुकानदारों ने किया था घोटाला

# 46 लाख से अधिक के खाद्यान्न की हेराफेरी, 3 राशन दुकानों के प्रबंधक-विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला खाद्य विभाग ने वर्ष 2022 में चावल, शक्कर एवं नमक का घोटाला करने वाले शासकीय उचित मूल्य की 3 दुकानों का संचालन करने वाली कृषि साख समिति के प्रबंधक कौशल साहू एवं विक्रेता अखिलेश साहू तथा मनीराम साहू के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। तीनों दुकान समिति के प्रबंधक एवं विक्रेताओं ने 46 लाख से अधिक कीमत का चावल, शक्कर एवं नमक का घोटाला किए थे। उनकी दुकानों में जांच के दौरान कुल 857.68 क्विंटल चावल, 22.67 क्विंटल शक्कर एवं 28.06 क्विंटल नमक का स्टॉक कम पाया गया था। इस गायब स्टॉक के एवज में समिति को रकम की रिकवरी के लिए विभाग ने नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब देने पर इस मामले में अब एफआईआर कराई गई है।

### इन राशन दुकानों में इतनी मात्रा में गायब मिला था खाद्यान्न

विभाग ने जिन तीन दुकानों के प्रबंधक एवं विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर कराई हैं, उन दुकानों की आईडी क्रमशः 442001030, 442001047 एवं 442001059 है। ये तीनों दुकान कृषि साख समिति के प्रबंधक कौशल साहू एवं विक्रेता अखिलेश तथा मनीराम के नाम पर वर्ष 2022 में अलॉट थी।जांच के दौरान इन तीनों दुकान में कुल 857.68 क्विंटल चावल, 22.67 क्विंटल शक्कर एवं 28.06 क्विंटल नमक कम पाया गया था। इस खाद्यान्न को हितग्राहियों को वितरण नहीं कर दुकान संचालकों ने बाजार में खपा दिए गए थे। पुलिस ने विभाग की रिपोर्ट पर इस मामले में प्रबंधक एवं विक्रेताओं के विरुद्ध धारा 3-7 इसी एक्ट 409, 420 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### 17050.28 क्विं. चावल, 266.38 क्विं. शक्कर एवं 300.67 क्विं. नमक की हुई थी हेराफेरी

खाद्य विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में जिले में संचालित राशन दुकानों में की गई जांच के दौरान लगभग 100 दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक की हेराफेरी किए जाने के मामले उजागर हुए थे। इन दुकानों में 17050.28 क्विंटल चावल, 266.38 क्विंटल शक्कर एवं 300.67 क्विंटल नमक का स्टॉक गायब मिला था। विभाग ने इस मामले में सभी दुकानों की समितियों के प्रबंधक एवं विक्रेताओं को नोटिस जारी कर गायब स्टॉक को वापस करने या बदले में राशि लौटाने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के परिपालन में ज्यादातर समितियों ने राशि लौटा दी थी, लेकिन इनमें कई समितियां ऐसी भी है जिनके द्वारा अभी तक नोटिस का न ही जवाब दिया है और न ही राशि लौटाई है।

### अन्य दुकान संचालकों पर भी कराएंगे एफआईआर

राशि नहीं लौटाएंगे तो शेष दुकानों के संचालकों के विरुद्ध भी एफआईआर कराई जाएगी। इस संबंध में सभी दुकानों को नोटिस पूर्व में जारी किया जा चुका है।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 11 और दुकानों ने नहीं लौटाई राशि इनके विरुद्ध भी होगी एफआईआर

वर्ष 2022 में हेराफेरी करने वाले 11 दुकानों के संचालकों ने अभी तक गायब चावल, शक्कर एवं नमक के बदले राशि नहीं लौटाई है। इन दुकानों से कुल 2368.33 क्विंटल चावल, 22.37 क्विंटल शक्कर एवं 61.68 क्विंटल नमक गायब मिला था। इसके एवज में लाखों रुपये की रिकवरी इन दुकानों के समितियों के प्रबंधक एवं विक्रेताओं से किया जाना है। विभागीय अधिकारी का कहना है कि इन दुकानों के विरुद्ध भी एफआईआर कराने की तैयारी की जा रही है।

### अब तक 8 दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर

वर्ष 2022 में चावल, शक्कर एवं नमक की हेराफेरी के मामले में विभाग ने अब तक 8 राशन दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर कराई है।इसके अलावा वर्ष 2024 में भी चावल, शक्कर एवं नमक की हेराफेरी करने वाले तीन दुकान संचालकों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है। इस वर्ष में 10 दुकानों में कुल 7070.25 क्विंटल चावल, 50.66 क्विंटल शक्कर एवं 65.60 क्विंटल नमक का स्टॉक कम पाया गया था। इस गायब स्टॉक में 1924.65 क्विंटल चावल, 26.19 क्विंटल शक्कर एवं 39.15 क्विंटल नमक के बदले राशि वसूल किया जाना शेष है।

# दीपावली में भरा सरकारी खजाना, 61 करोड़ की शराब गटक गए पियक्कड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



दीपावली में इस बार आबकारी विभाग ने शासन का खजाना भर दिया है। रायपुर जिले में इस दिवाली में लगभग 61 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई है। यह शराब धनतेरस से लेकर भाईदूज के दूसरे दिन तक यानी 6 दिनों में बिकी है। शराब की इस बिक्री ने एक बार साबित कर दिया है कि रायपुर जिले में पियक्कड़ों की तादात अन्य जिलों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हालांकि पिछली दिवाली की तुलना में शराब की बिक्री में इस बार एक प्रतिशत की कमी आई है।

### सामान्य दिन की तुलना में दोगुनर बिक्री

आबकारी विभाग के जिला अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि रायपुर जिले में इस बार की दीपावली पर शराब की जमकर बिक्री हुई है। इससे विभाग का खजाना भी भरा है। सामान्य दिनों में प्रतिदिन जिले में लगभग 5 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है। इस तरह 6 दिनों में लगभग 30 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती, लेकिन दिवाली में शराब की बिक्री दोगुनी हो जाती है। यही वजह है कि दिवाली के 6 दिनों में लगभग 61 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हुई है, जो सामान्य दिन की तुलना में दोगुनी है।

### धनतेरस के दूसरे दिन सबसे ज्यादा 11 करोड़ 39 लाख की शराब बिकी

त्योहार के दौरान धनतेरस के दूसरे दिन सबसे अधिक शराब की बिक्री हुई है। इस दिन 11 करोड़ 39 लाख 3 हजार 4 सौ रुपए की शराब की बिक्री हुई है। इसके अलावा अन्य 5 दिनों में 8 करोड़ से लेकर 10 करोड़ से अधिक की बिक्री हुई है।

## बिजनेस साइट


### डॉ. आनंद महलवार पुनः बने आईएसबीएम विवि के कुलपति



रायपुर। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, ग्राम छुरा (जिला गरियाबंद) के कुलपति पद पर प्रोफेसर डॉ. आनंद महलवार को पुनः नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 17 (1) के तहत की गई है। डॉ. महलवार का कार्यकाल एवं सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम और परिनियमों के अनुसार निर्धारित होंगी। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. विनय अग्रवाल और रजिस्ट्रार डॉ. बीपी भोल ने डॉ. महलवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के नए आयाम छुएगा। अपनी पुनर्नियुक्ति पर डॉ. महलवार ने कहा कि वे विश्वविद्यालय को नॉलेज, इनोवेशन और एक्सीलेंस का केंद्र बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित करना है। उनके नेतृत्व में रिसर्च, इंडस्ट्री-एकेडेमिक सहयोग और डिजिटल इनोवेशन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### इंडियन बैंक का वित्तीय समावेशन-संतृप्ति शिविर

रायपुर। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति रायपुर एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में इंडियन बैंक द्वारा डोंडेखुर्द ग्राम में एक दिवसीय वित्तीय समावेशन-संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सार्वजनिक क्षेत्र के आठ बैंकों की टीमों ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत ग्रामीणों के नए खाते खोले तथा निष्क्रिय खातों को 'अपने ग्राहक को जानिए' प्रक्रिया के माध्यम से पुनः सक्रिय किया।



साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में ग्रामीणों का नामांकन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से हार्दिक मुकेश शेठ, इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक रूपेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कमलेश कुंदन, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के एजीएम मनोज सिंह तथा एलडीएम मोहम्मद मोफ़जि उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ, साइबर ठगी से बचाव एवं बैंकिंग गोपनीयता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। ग्राम सरपंच अरविंद ठाकुर ने भी ग्रामीणों से बैंक से जुड़कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# आईजी, एसएसपी ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पिछले सप्ताह छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति खंडित करने की घटना के बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने गुरुवार को आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में दोनों अफसरों ने राजपत्रित पुलिस अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने जरूरी कदम उठाने निर्देश दिए। साथ ही अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए। मूर्ति खंडित करने की घटना के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल ने अग्रवाल तथा सिंधी समाज से जुड़े लोगों की इष्ट के प्रति अशोभनीय टिप्पणी किया। इसके बाद दोनों समाज के लोगों ने अमित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर थाने में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराया। एफआईआर दर्ज होने के बाद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने शुक्रवार को रायपुर बंद का आयोजन किया है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना जिस दिन रायपुर बंद का आयोजन किया है। उसके दूसरे दिन राज्योत्सव का आयोजन होना है। इस परिस्थिति में पुलिस अफसर कानून व्यवस्था बनाए रखने हर संभव उपाय कर रहे हैं। इस कारण आईजी तथा एसएसपी ने पुलिस अफसरों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिए।

- क्रांति सेना के बंद के आव्हन को देखते हुए दिए कानून व्यवस्था बनाए रखने निर्देश

# बीएड की 2224 सीटें रिक्त, डीएलएड की भी 948 सीटों पर इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश शिक्षा महाविद्यालयों में बीएड-डीएलएड की सीटों के लिए द्वितीय चरण की काउंसिलिंग का दूसरा राउंड भी पूरा हो गया है। इसके बार रिक्त रह गई सीटों की जानकारी भी साझा कर दी गई है। बीएड की 2224 सीट खाली रह गई है। इसी तरह से डीएलएड की 948, बीएबीएड की 31 तथा बीएससी बीएड की 15 सीटों पर प्रवेश नहीं हो सके हैं। 2014 के बाद यह पहली बार है, जब प्रदेश में बीएड की सीटें रिक्त रह गई हैं। बीएड पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर दो वर्ष किए जाने के कारण 2014 में प्रवेश संख्या घटी थी। दूसरे ही वर्ष दाखिला संख्या सामान्य स्थिति में पहुंच गई थी।

शिक्षाविदों और महाविद्यालय प्रबंधन के मुताबिक, विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण के कारण शिक्षकों के पद विलोपित हुए हैं। इसके अतिरिक्त न्यायालय के आदेश के बाद पहली से पांचवीं कक्षा तक केवल डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षक ही अध्यापन के लिए पात्र होंगे। इन कारणों से भी बीएड में अधिक दिलचस्पी छात्र नहीं ले रहे हैं। डीएलएड तथा बीएबीएड व बीएससीबीएड की खाली रह गई सीटें द्वितीय चरण के तीसरे राउंड में भरने का अनुमान है।

- द्वितीय चरण का दूसरा राउंड भी पूरा, तीसरी सूची आज होगी जारी
- बीएबीएड की 31 व बीएससीबीएड की 15 सीटें ही खाली



### अब नहीं मिलेगा मौका

शिक्षा महाविद्यालयों में दाखिले के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल 22 अगस्त को जारी किया गया था। इसके मुताबिक, दो चरणों में काउंसिलिंग निर्धारित की गई थी। प्रत्येक चरण में तीन राउंड होने थे। दूसरे चरण के तीसरे राउंड की सूची 31 अक्टूबर को जारी होगी। यह अंतिम सूची होगी। जिन छात्रों के नाम इस लिस्ट में होंगे, उन्हें 6 नवंबर तक संबंधित महाविद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। इसके बाद 7 नवंबर को रिक्त सीटों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी।

### बढ़ सकती है तिथि

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, बीएड की खाली रह गई सीटों को देखते हुए तृतीय चरण की काउंसिलिंग पर भी विचार किया जा सकता है। गत सत्रों में सीटें रिक्त रह जाने की स्थिति में प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता रद्द करते हुए 12वीं और स्नातक आधार पर भी दाखिले खोल दिए गए थे। 7 नवंबर को रिक्त सीटों की जानकारी अपडेट होने के बाद ही तीसरे चरण को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

# स्तन कैंसर जागरूकता पर संजीवनी फाउंडेशन का विशेष अभियान




रायपुर। अक्टूबर माह को हर वर्ष स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, रायपुर की ओर से एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कैंसर सर्जनों ने स्तन कैंसर के लक्षण, कारण, जोखिम कारक और सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. यूसुफ मेमन ने बताया कि स्तन कैंसर भारत में महिलाओं में सबसे सामान्य कैंसर है, और समय पर जांच से इसकी मृत्यु दर घटाई जा सकती है। डॉ. मौ रॉय व डॉ. अर्पण चतुर्मोहता ने कहा कि स्तन में गांठ, आकार में बदलाव या निप्पल से स्त्राव जैसे शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज न करें। डॉ. अनिकेत ठोके व अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि हर महिला को महीने में एक बार स्वयं जांच करनी चाहिए। रेडिएशन ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. रमेश कोठारी ने कहा कि आधुनिक उपचार पद्धतियों से अब कैंसर पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। डॉक्टरों ने संदेश दिया-'स्तन कैंसर से डरें नहीं, समय पर जांच कराकर समझदारी से लड़ें।'

# गोपाष्टमी पर महाबीर गोशाला पहुंचीं महापौर, गोवंश को खिलाया गोग्रास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोवंश की विशेष पूजा के गोपाष्टमी पर्व पर गुरुवार को महापौर मीनल चौबे राजधानी के महाबीर गोशाला पहुंचीं। वहां पहुंचकर उन्होंने गोमाता की पूजा की और उनसे शहर को स्वच्छ, सुंदर विकसित करने आशीर्वाद मांगा। महापौर ने गोशाला में गोवंश को गोग्रास खिलाकर सेवा की। गोपाष्टमी के अवसर पर महापौर मीनल चौबे ने नगरवासियों को बधाई दी। महाबीर गोशाला में पूजा अर्चना के कार्यक्रम में महापौर के साथ रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, वरिष्ठ समाज सेवक और महाबीर गोशाला के ट्रस्टी सोहनलाल डागा, योगेश अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया अग्रवाल सहित कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल हुईं।



## पेज 9 के शेष

### अधिक मूल्य पर ...

यही वजह हो सकती है कि करीब माह भर पहले की गई इस कार्रवाई को सार्वजनिक तक नहीं किया। हरिभूमि ने जब मामले में विभाग द्वारा जांच के बाद की गई कार्रवाई की पड़ताल की, तो एक अधिकारी के सस्पेंड करने की जानकारी सामने आई।

**लगभग सात सौ किसानों को बेचा गया अधिक मूल्य पर बीज**-तिल्दा क्षेत्र में रबी 2024 और खरीफ 2025 सीजन में गेंहू और चना बीज वितरण में लगभग सात सौ किसानों से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अधिक मूल्य पर दोनों बीज बेचकर लाखों रुपए वसूल किए थे। इस मामले में अफसरों की जांच में पता चला था कि प्रति बोरी गेंहू बीज को 268 रुपए तथा चना बीज बोरी को 290 रुपए अधिक कीमत पर किसानों को बेचा गया था। इस जांच के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी को निलंबित करते हुए उन्हें विभाग के जिला मुख्यालय में अटैच किया गया है।

### साढ़े पांच हजार...

हिट एंड रन के टॉप थ्री सिटी में रायगढ़-74, बलौदाबाजार-72 तथा रायपुर में 64 लोगों की मौतें हुई हैं। इन तीन जिलों में हिट एंड रन से 46 प्रतिशत लोगों की मौतें हुई हैं। इस संबंध में एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा का कहना है कि इन तीन जिलों में लंबी दूरी के लिए भारी मालवाहक वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है, इस वजह से रोड एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।

### रोकी गई ओफ्लैक्सासीन...

जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, संबंधित दवाओं को री-टेस्टिंग (पुनः जांच) के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यदि अन्य जिलों के औषधि भंडार में खामियां पाई जाती हैं तो वहां भी इन टैबलेट के वितरण पर रोक लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 16 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर का अविवाहित युवक-युवती, कात्यायनी एवं परित्यक्ता परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समता कॉलोनी स्थित विप्र भवन में 16 नवंबर को सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी प्रकार के ब्राह्मण समाज, सरयूपारीय, कान्यकुब्ज, मैथिल, झिझोतिया, गुजराती, बंगाली, मराठी, तेलुगु, राजस्थानी, गौड़, पंजाबी, उत्कल समाज आदि समाज के युवक-युवतियों शामिल होंगे। साथ ही पसंद आने पर कुंडली मिलान एवं पारिवारिक बातचीत कर रिश्ते तय किए जाएंगे।

### राज्य स्थापना दिवस पर राज्यगीत बजाने की मांग

**रायपुर।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने सभी चौक-चौराहों पर राजकीय गीत बजाने की मांग राज्य शासन से की है। इसी दौरान श्री नाग ने कहा कि 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस है। इस राज्य के लिए बहुत लोगों ने आंदोलन और सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ी है, जिसमें शिवसेना के भी हजारों लोगों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए छत्तीसगढ़ से भोपाल और दिल्ली तक जाकर धरना आंदोलन और प्रदर्शन किया है। शिवसेना चाहती है कि इस अवसर पर नवंबर को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में होने वाले राज्योत्सव, मेला स्थलों, स्कूल, कालेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालयों के अलावा सार्वजनिक स्थलों पर भी राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' बजाया जाना चाहिए, इस राज्य की भक्तिभावना सहित इस राज्य में रहने के लिये गौरवान्वित महसूस करें, लोग जागृत हों और राज्य के विकाससहित, उन्नति में अपना सहयोग दें।

### पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**रायपुर।** निगम के संस्कृति विभाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 31 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कालीबाड़ी चौक स्थित प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम जोन 4 के सहयोग से आयोजित होगा।

# प्रसव होते ही हार्ट फेल, 7 विभाग के चिकित्सकों ने 65 दिनों तक इलाज कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्स रायपुर वीए-ईसीएमओ तकनीक का प्रयोग करते हुए एक नवप्रसूता की जान बचाई गई। उन्नत क्रिटिकल केयर और बहु-विषयक टीमवर्क से 65 दिनों के अथक प्रयास के बाद महिला की जान बचाई जा सकी। इसके साथ ही एम्स प्रदेश का पहला सरकारी संस्थान बन गया है, जहां वीनो-आर्टेरियल एक्स्ट्रा-कॉरपोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन का प्रयोग किया गया।

प्रबंधन के मुताबिक, एक 35 वर्षीय महिला उच्च जोखिम गर्भावस्था से गुजर रही थी। प्रसव के तुरंत बाद पेरिपार्टम कार्डियोमायोपैथी अर्थात जीवन-घातक हृदय विफलता से पीड़ित हो गई। जब सामान्य उपचार असफल रहे तब एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर मेडिसिन, सीटीवीएस, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रो-सर्जरी और नर्सिंग सेवाओं की टीम ने उन्हें ईसीएमओ पर रखा और उन्नत किडनी सपोर्ट प्रदान किया।

**पहली बार प्रदेश के किसी सरकारी अस्पताल में यह प्रयोग**



- एम्स प्रदेश का पहला सरकारी संस्थान बन गया है, जहां वीनो-आर्टेरियल एक्स्ट्रा-कॉरपोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन का प्रयोग किया गया
- 35 वर्षीय महिला उच्च जोखिम गर्भावस्था से गुजर रही थी

### अस्थायी रूप से काम संभालती है यह मशीन

गंभीर जटिलताओं के बावजूद सभी विभागों की मदद से रोगी की स्थिति धीरे-धीरे सुधरी और 65 दिनों में आईसीयू में रखने के बाद उन्हें सफलतापूर्वक वेंटिलेटर से हटा दिया गया। गौरतलब है कि ईसीएमओ एक अत्याधुनिक जीवनरक्षक तकनीक है। इसका उपयोग तब किया जाता है, जब हृदय या फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं और अन्य सभी उपचार विफल हो जाते हैं। यह मशीन अस्थायी रूप से इन अंगों का कार्य संभालती है, जिससे मरीज को स्वस्थ होने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। यह केस डॉ.सुभ्रता सिंघा और डॉ.चिन्मय पांडा के नेतृत्व में प्रबंधित किया गया। उनके साथ विशेषज्ञ सलाहकार डॉ.नितिन कश्यप, डॉ.प्रणय मेसरे, डॉ.रमेश चंद्राकर, डॉ.विनय राठौर, डॉ.सौविक पॉल और डॉ. विनिता सिंह शामिल रहे।

## 1100 दीपों से जयकारों के साथ होगी भव्य खारुन महाआरती

# खारुन नदी के महादेवघाट पर उमड़ेगा श्रद्धालुओं का रेला, पुन्नी मेला 4 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खारुन नदी के महादेवघाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पुण्य स्नान कर आस्था की डुबकी लगाने बड़ी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचेंगे। वे भगवान हटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर पुन्नी मेला का आनंद उठाएंगे। मेला 4 नवंबर से 6 नवंबर तक भव्य रूप में आयोजित होगा। 4 नवंबर की शाम 6.30 बजे जयकारों के साथ 1100 दीपों से भव्य खारुन महाआरती का कार्यक्रम रखा गया है।

हरिभूमि सरोकार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, राजेश अग्रवाल, गुरू खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, महापौर मीनल चौबे सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल होंगे। लोक कलाकारों से सजेगी पुन्नी मेला की सांझ, झिलमिलाती रोशनी में रातभर चलेगा रंगारग कार्यक्रम कार्तिक पुन्नी मेला के मौके पर 4 अक्टूबर की सांझ लोक कलाकारों को समर्पित रहेगा। मंच पर धूम मचाने लोकमंजरी, लोक कलामंच और जागरण ग्रुप के अलावा लोक पुरानिक लहरगंगा की टोली शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते नजर आएगी। इसमें लोकप्रिय कलाकार सुनील तिवारी, प्रकाश अवस्थी, सुनीता, मोहित साहू , अनुकृति चौहान,दिलेश साहू दर्शकों का दिल जीतने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

### पुन्नी मेला का इतिहास बताने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मीट

*छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कार्तिक पुन्नी मेला के महत्व एवं इसके पौराणिक इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराने आयोजन समिति सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर मीट का आयोजन कर रही है। इसके लिए विषय पर आधारित वीडियो बनाकर पुन्नी मेला के महत्व इसके इतिहास, महादेवघाट का पूरा कंटेंट आमंत्रित किया गया। प्रतिभागियों से इस कंटेट को सोशल मीडिया पर डालने कहा गया है, ताकि न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि दूसरे जगह के लोग भी इसे भली भांति समझ सकें। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर इसे डालने कहा गया है।*



- नदी स्नान कर भगवान हटकेश्वर महादेव की करेंगे पूजा अर्चना
- मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे मेला स्थल

### 5 की सुबह पुण्य स्नान करने आएंगे अनुज

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लोकप्रिय कलाकार और धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा 5 नवंबर सुबह 6.30 बजे खारुन नदी महादेवघाट पर पुण्य स्नान करने पहुंचेंगे। पुण्य स्नान के बाद हटकेश्वर महादेव मंदिर में जाकर दर्शन कर पुन्नी मेला देखने जाएंगे। कार्तिक पुन्नी मेला आयोजन समिति और खारुन सोशल वेलफेयर एसोसियेशन और रायपुरा के वार्डवासी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक और हाटकेश्वर नाथ मंदिर महादेवघाट रायपुर के महंत सुरेश्वर गिरी गोस्वामी जूना अखाड़ा काली मंदिर के महंत राघवेंद्र गिरी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

### छत्तीसगढ़ के पहली हिंदी फिल्म जानकी की पूरी टीम रहेगी मौजूद

महादेवघाट में पुन्नी मेला के अवसर पर मां मालती फाउंडेशन के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की पहली हिंदी फिल्म जानकी भाग 1 की पूरी टीम पहुंचेगी। फाउंडेशन के संचालक और फिल्म निर्माता मोहित साहू, अभिनेता दिलेश साहू, अभिनेत्री अनुकृति चौहान, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम बोर्ड अध्यक्ष मोना सेन, छत्तीसगढ़ी फिल्म के सुपर स्टार प्रकाश अवस्था आयोजन में विशेष रूप से शामिल होंगे।

### जगमग दीपों से जगमगाएगी खारुन जयकारों से महाआरती

*आयोजन समिति के अध्यक्ष पिंकेश्वर साहू ने बताया, 4 नवंबर को कार्तिक पुन्नी मेला में महादेवघाट तट पर जगमग दीपों से भव्य खारुन महाआरती की जाएगी। 1100 दीपों की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ शामिल होंगे। मंदिर सहित मेला स्थल पर भव्य सजावट, मीनाबाजार, झूले, 100 से ज्यादा दुकानें सजेगी छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति को जीवंत रूप देने में पुन्नी मेला के मौके महादेवघाट स्थित मंदिरों में भव्य सजावट की जाएगी। भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार मंदिर समिति द्वारा किया जाएगा। नदी तट पर पुण्य स्नान करने छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से श्रद्धालु परिवार के साथ यहां आते हैं। इसे देखते हुए पुन्नी मेला के मौके पर मेला स्थल 100 से ज्यादा दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, मीनाबाजार सजेगा। इसके लिए आसपास के फुटकर दुकानदार अपनी जगह सुरक्षित करने मार्किंग करने की तैयारी में है।*

# पेंशनरों के लिए बड़ी सौगात, अब घर बैठे बना सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेंशनरों के लिए राहत और सुविधा की बड़ी सौगात मिली है। अब उन्हें जीवन प्रमाणपत्र बनवाने के लिए बैंकों या कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विशेष प्रयासों से प्रदेश के पेंशनरों के लिए यह डिजिटल सुविधा प्रारंभ की गई है।

केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त सहयोग से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 की शुरुआत की जा रही है, जिसके अंतर्गत पेंशनर अपने घर बैठे ही मोबाइल एप के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र बना सकेंगे। जिला प्रशासन के निर्देशन में रायगढ़ जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली गई है और जिले के सभी पेंशनरों तक यह सुविधा सुगमता से पहुंचाने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय, रायपुर द्वारा प्रारंभ इस सुविधा के अंतर्गत पेंशनर अपने एंड्रॉइड मोबाइल फोन में आधार फेस आरडीऔर जीवन प्रमाण फेस एप डाउनलोड कर, चेहरे की पहचान के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बना सकेंगे। यह तकनीक पूरी तरह सुरक्षित, सरल और पारदर्शी है, जिससे पेंशनरों को अपने घर के आरामदायक वातावरण में ही प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की सुविधा मिलेगी।



- सीएम साय की मंशानुरूप, वित्त मंत्री चौधरी के प्रयासों से शुरू हुआ डिजिटल अभियान

### अभियान 1 से 30 नवंबर तक

डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 पूरे देश में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक संचालित होगा। इस अवधि में रायगढ़ जिले में भी विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पेंशनरों को इसका लाभ मिल सके। अभियान के दौरान रायगढ़, खरसिया और एडीबी रायगढ़ सहित जिले के सात प्रमुख स्थानों पर जीवन प्रमाणपत्र शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की टीमें पेंशनरों को प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगी। साथ ही जिन पेंशनरों को मोबाइल एप का उपयोग करने में कठिनाई होती है, वे अपने नजदीकी बैंक या पोस्ट ऑफिस जाकर फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से भी प्रमाणपत्र बनवा सकेंगे।

# वन विभाग के ईको टूरिज्म में शिकारी लगातार कर रहे वन्यजीवों का शिकार


- आशंका जताई जा रही है कि शिकारी ने बलौदाबाजार से जंगली भालू का शिकार किया है


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिकारियों के चलते राज्य में वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में पड़ता दिख रहा है। शाकाहारी वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए गए बिजली तार के करंट की चपेट में आकर शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीवों की मौतें हो रही हैं। विभागीय अफसर टूरिज्म बढ़ाने ईको टूरिज्म को प्रोत्साहन देने में जुटे हैं। बलौदाबाजार वनमंडल में गर्भवती इंडियन गौर के शिकार के तीन दिन बाद खरोरा में वन विभाग के अफसर, कर्मियों ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एक शिकारी के घर से 50 किलो जंगली सुअर का मांस जब्त किया है। आशंका जताई जा रही है कि शिकारी ने बलौदाबाजार वनमंडल के जंगल में चोरी छिपे प्रवेश कर जंगली सुअर का शिकार किया है।

वन अमला ने 28 अक्टूबर की देर रात मुखबिर की सूचना पर खरोरा विकासखंड के ग्राम मटिया के गौतम पारधी के घर से जंगली सुअर का मांस जब्त किया है। पूछताछ में गौतम ने बताया कि उसने जाल बिछाकर एक जंगली सूअर को फंसाया और फिर उसको तेज धार हथियार से मार डाला। यह कार्रवाई रायपुर के परिक्षेत्र अधिकारी दीपक तिवारी तथा खरोरा सहायक परिक्षेत्र अधिकरी सीएफओ महेंद्र बघेल, चंद्र भवन मन्हारे तथा अन्य वन्यकर्मियों द्वारा की गई।

- बलौदाबाजार में बायसन के शिकार के बाद खरोरा में 50 किलो मांस जब्त किया





- कर्मियों ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एक शिकारी के घर से 50 किलो जंगली सुअर का मांस जब्त किया



### बाघ के होने से लगा था शिकार पर लगाम

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष बलौदाबाजार वनमंडल में महासमुंद के रास्ते एक बाघ भटकते हुए पहुंच गया था। बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार एंटी स्नेयर अभियान चलाने के साथ शिकारियों पर नजर रखी जा रही थी। इस वजह से पिछले वर्ष बारनवापारा में शिकार की इक्का-दुक्का घटनाएं हुईं।

### इस साल नहीं किया गया एंटी स्नेयर

बलौदाबाजार वनमंडल में हर वर्ष शिकार की घटना रोकने एंटी स्नेयर अभियान चलाया जाता है, जिससे काफी हद तक शिकार की घटनाओं में अंकुश लगता है। इस वर्ष एक भी बार एंटी स्नेयर अभियान नहीं चलाया गया। इस वजह से शिकारियों द्वारा बिछाए गए जाल में वन्यजीवों की फंसकर मौतें हो रही हैं।

### स्निफर डॉग की नहीं की जा रही तैनाती

राज्य में शिकार पर अंकुश लगाने सभी वनमंडलों में स्निफर डॉग देने की घोषणा की गई थी। घोषणा केवल कागजों तक सिमट कर रह गया है। कुछ वनमंडलों को छोड़कर कहीं भी स्नीफर डॉग की तैनाती नहीं की गई है। स्निफर डॉग की तैनाती नहीं होने की वजह से पिछले दिनों रायगढ़ में वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हो गई थी। जंगल सफारी में स्नीफर डॉग है, लेकिन उसका किसी तरह से उपयोग नहीं किया जा रहा है। बलौदाबाजार में बढ़ती शिकार की घटना को देखते हुए जंगल सफारी के स्निफर डॉग की तैनाती की जा सकती है।

- प्लाट पर 20 फीसदी कम लगेंगे दाम, जीएसटी कम होने के कारण निर्माण लागत में भी चार फीसदी का फायदा

# दो एकड़ में रीयल एस्टेट की योजनाओं से 15 लाख का प्लाट तीन लाख होगा सस्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कुछ समय से मंदी की मार झेल रहे रीयल एस्टेट को अब 3.25 एकड़ के स्थान पर दो एकड़ में भी आवासीय योजनाएं बनाने के प्रदेश सरकार के फैसले से ऑक्सीजन मिलेगा। इसी के साथ अपना आशियाना चाहने वालों को भी सस्ते में अपना घर मिल सकेगा। नए नियम से जहां प्लाट के दाम 20 फीसदी तक कम हो जाएंगे, वहीं जीएसटी कम होने के कारण निर्माण लागत भी चार फीसदी तक कम होगी। ऐसे में घर लेने वालों को डबल फायदा होगा। यही नहीं अवैध कालोनियों के निर्माण पर भी अंकुश लगेगा। प्रदेश में तीन सौ से ज्यादा अवैध कालोनियां हैं। इसके खिलाफ प्रदेश सरकार एक्शन भी ले रही है। प्रदेश में बनने वाली अवैध कालोनियों से प्रदेश सरकार के साथ नगरीय निकाय भी लंबे समय से परेशान हैं। इनके कारण रीयल एस्टेट का काम करने वाले बिल्डर भी हमेशा से परेशानी में रहते हैं। अब सरकार ने जहां इनके खिलाफ एक्शन प्रारंभ किया है, वहीं अवैध कालोनियों से मुक्ति के लिए एक नया रास्ता भी निकाला है। इसके लिए अब प्रदेश सरकार ने बिल्डरों को 3.25 एकड़ के स्थान पर दो एकड़ जमीन में ही आवासीय कालोनी बनाने की मंजूरी दे दी है।

खास खबर



### जीएसटी कम होने का भी फायदा

नए जीएसटी रीफॉर्म में सीमेंट पर टैक्स 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि ऐसा होने से सीमेंट के दाम प्रति बोरी 25 से 30 रुपए कम हो गए हैं। घर बनाने के काम में सबसे ज्यादा सीमेंट ही लगता है। 20 लाख के मकान में अनुमान के मुताबिक करीब चार लाख का सीमेंट लग जाता है। ऐसे में इसी में ही करीब 40 हजार बच जाएंगे। बिल्डरों के मुताबिक घर बनाने लिए कच्चे माल के खर्च का सीमेंट का हिस्सा 25-30 प्रतिशत तक होता है। इसी की वजह से सबसे ज्यादा बचत होगी। इसी के साथ ब्लॉक और रेत-चूने की ईंटों पर टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी के साथ टाइल्स और ग्रेनाइट में भी जीएसटी को कम किया गया है।

### प्लाट 20 फीसदी तक होंगे सस्ते

*3.25 एकड़ के स्थान पर महज दो एकड़ में भी रीयल एस्टेट की योजना को मंजूरी मिलने से छोटी योजनाओं में प्लाट के दाम 20 फीसदी तक कम हो जाएंगे। इस योजना से अवैध कालोनियों पर भी अंकुश लगेगा।*

*- **विजय नत्थानी**, बिल्डर, रीयल एस्टेट*

### एक एकड़ में बनाने होंगे 25 मकान

नए नियम के मुताबिक दो एकड़ की जमीन पर कोई भी बिल्डर योजना ला सकता है। इसके लिए एक एकड़ में 25 मकान बनाने होंगे। यानी दो एकड़ की जमीन पर 50 मकान बनाने जरूरी होंगे। इसी के साथ 100 मकानों के पीछे 9 ईडब्ल्यूएस और 6 एलआईजी के लिए स्थान छोड़ना होगा। पंचायतों में ईडब्ल्यूएस के लिए 15 मकानों का स्थान छोड़ना होगा। छोटी कालोनी के कारण 9 मीटर के स्थान पर अब 7.5 मीटर की सड़क बनाने की मंजूरी दी गई है। इससे स्थान बचेगा तो प्लाट के दाम सस्ते होंगे।

### 15 लाख का प्लाट तीन लाख होगा सस्ता

बिल्डरों के मुताबिक दो एकड़ वाली योजना में 40 से 45 लाख तक के मकान ही सस्ते होंगे। इससे ज्यादा कीमत के मकानों के सस्ता होने की संभावना कम है। छोटे मकानों के प्लाट 15 लाख तक के आते हैं। ऐसे छोटे 15 लाख वाले प्लाट करीब तीन लाख रुपए सस्ते हो जाएंगे।

### दो सौ बिल्डरों की दो एकड़ जमीन

नई योजना से उन बिल्डरों को बड़ा फायदा होगा जिनके पास दो एकड़ जमीन है, लेकिन वे इसका उपयोग नहीं कर पा रहे थे। जानकारों के मुताबिक प्रदेशभर में करीब दो सौ बिल्डरों के पास दो-दो एकड़ की जमीनें हैं। अब इसका उपयोग होगा और लोगों को सस्ते दाम पर मकान मिल सकेंगे।

- निगम आयुक्त ने 475 करोड़ राजस्व वसूली का दिया है टारगेट, अब तक वसूली 80 करोड़

# निगम के राजस्व अमले की राज्योत्सव में ड्यूटी, नवंबर से मतदाता सूची पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमा को राजस्व वसूली की जगह इन दिनों राज्योत्सव की तैयारी में लगा दिया गया है। नवंबर में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए डयूटी लगेगी। ऐसे में बकाया राजस्व वसूली बुरी तरह प्रभावित हो रही है, जबकि नगर निगम आयुक्त ने इस बार राजस्व महकमे को 475 करोड़ की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है, अब तक की राजस्व वसूली महज 80 करोड़ ही हो पाई है। ऐसे में बाकी 5 महीनों में बकाया राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने में खासी दिक्कत आ सकती है।

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्ड में राजस्व वसूली के लिए निगम प्रशासन ने राजस्व विभाग को 475 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है, पर राजस्व वसूली के अलावा अन्य कार्यो में राजस्व विभाग के कर्मचारी, अधिकारियों की डयूटी लगाए जाने से राजस्व वसूली पर इसका असर पड़ रहा है।

### राजस्व वसूली होगी प्रभावित



### पिछले साल से 175 करोड़ ज्यादा का टारगेट

निगम आयुक्त विश्वदीप ने राजस्व विभाग के लिए इस बार 475 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का टारगेट दिया है, यह टारगेट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपए ज्यादा है। करदाताओं को चालू वित्त वर्ष का संपत्ति कर दिसबंर माह तक भुगतान करने पर 4.25 फीसदी की छूट दी जा रही है।

जलकर, दुकान किराया, संपत्ति कर सहित अन्य मदों में बकाया राजस्व वसूली होनी है, पर अमले को दूसरे कार्यो में लगाए जाने से टैक्स वसूली प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही बड़े बकायादारों को डिमांड नोट भेजने और अंतिम नोटिस के बाद सीलबंदी संबंधी कार्रवाई में भी इन दिनों कमी आई है। यहीं नहीं दस जोनों में चलाए जा रहे बकाया राजस्व वसूली अभियान भी इन दिनों पर पूरी तरह ठप पड़ गया है।


जबकि नगर निगम के आय का एकमात्र स्त्रोत राजस्व वसूली को माना जाता है। ऐसे में समय पर राजस्व वसूली अपेक्षा अनुरूप नहीं हुई तो आने वाले दिनों में नगर निगम को अपने कर्मचारियों के वेतन, एसटीपी, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित स्ट्रीट लाइट बिल भुगतान में परेशानी होगी।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



त्वचा को रखना है स्वस्थ तो ऐसे...

लाइव इवेंट

## कार्बन बैटरी हरित ऊर्जा प्रणालियों का भविष्य करेगा तय : प्रो. शर्मा



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के मेटलर्जी एवं मटेरियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा गुरुवार को तीसरे डॉ. बलदेव राज स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी हैदराबाद के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर शर्मा शामिल हुए। मुख्य वक्ता प्रो. शर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ शोध प्रबंध डॉ. बलदेव द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने कार्बन अर्थव्यवस्था, कार्बन डेटिंग, स्वच्छ ऊर्जा और मोमबत्ती कालिख नैनोकार्बनः अगली पीढ़ी की सामग्री के बारे में संक्षिप्त ज्ञान साझा किया। उन्होंने बताया कि भारत में यह गर्व की बात है कि हमारा अनुसंधान समूह देश का एकमात्र समूह है, जो "कार्बन बैटरी" पर कार्य कर रहा है, यह कार्बन और कार्बन डाइऑक्साइड पर आधारित एक अभिनव ऊर्जा भंडारण तंत्र है, जो भविष्य की हरित ऊर्जा प्रणालियों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।


### चुनौतियों के बीच जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी

व्याख्यान कार्यक्रम में दूसरे वक्ता के रूप में मेटलर्जी एवं मटेरियल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष गांगुली, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिद्युत मजूमदार भी शामिल रहे। व्याख्यान में सबसे पहले डॉ. गांगुली ने कॉलेज और विभाग के प्रतिष्ठित पूर्व विद्यार्थियों की आदर्शों और मूल्यों को समय की चुनौतियों के बीच जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, यह बताया। वहीं डॉ. मजूमदार ने उन्हें उनके भविष्य के अनुसंधान कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और भारत के लिए उत्कृष्ट शोध करने की प्रेरणा व्यक्त की। व्याख्यान कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामावत भीक्या नायक द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

● छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव का कल से भव्य रंगारंग उद्घाटन

# पहले दिन ऐश्वर्या पंडित की सुरीली आवाज हंसराज रघुवंशी के भक्ति गीतों से सजेगी महफिल

*छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत महोत्सव में देश-प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। 1 नवंबर से 5 नवंबर तक मुख्य मंच के अलावा शिल्पग्राम मंच पर भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।*



### 80 हजार से अधिक दर्शकों की बैठक व्यवस्था

राज्योत्सव स्थल पर पूरे मेला स्थल को 7 डोम, एक मुख्य सांस्कृतिक मंच के अंतर्गत 80 सेक्टर्स में बांटा गया है, जहां पूरे राज्योत्सव स्थल पर रोजाना 80 हजार से अधिक दर्शकों की बैठने की क्षमता बताई जा रही है। इस तरह से राज्योत्सव के दौरान राज्य के 25 बरस के रजत जयंती की साक्षी हजारों लोग बन सकेंगे। राज्योत्सव में कल से कला-संस्कृति और समृद्धि की झलक बिखरेगी।





**रायपुर।** राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर नवा रायपुर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाणिज्य एवं व्यापार परिसर में बनाए गए मुख्य मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 11 बजे ऐश्वर्या पंडित के गायन से होगी। इसके बाद पीसी लाल यादव, आरू साहू, दुष्यंत हरमुख, निर्मला ठाकुर व रात्रि 8 बजे राष्ट्रीय कलाकार हंसराज रघुवंशी की प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार 2 नवंबर को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक आदित्य नारायण प्रमुख आकर्षण के केंद्र होंगे। उनके द्वारा गीतों की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे से दी जाएगी। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत शाम 6.30 बजे से होगी। सबसे पहले सुनील तिवारी, जयश्री नायर चिन्हारी द गर्ल बैंड, पद्मश्री डोमार सिंह कंवर नाचा दल का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 3 नवंबर को पार्श्व गायिका सुश्री भूमि त्रिवेदी रात्रि 9 बजे से प्रस्तुति देंगी। इस दिन सांस्कृतिक संध्या में शाम 6 बजे से पद्मश्री उषा बारले पण्डवानी, राकेश शर्मा सूफी-भजन गायन, कुलेश्वर ताम्रकार लोकमंच की प्रस्तुति होगी तथा 4 नवंबर को रात्रि 9 बजे पार्श्व गायक अंकित तिवारी प्रस्तुति देंगे। इस दिन शाम 6 बजे कला केंद्र रायपुर बैण्ड, रेखा देवार की लोकगीत, प्रकाश अवस्थी की प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार 5 नवंबर को रात्रि 9 बजे पार्श्व गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक संध्या में शाम 6 बजे से पूनम विराट तिवारी, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ का कार्यक्रम होगा। गौरतलब है कि राज्योत्सव में इस बार छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकारों के साथ ही देश के जाने-माने कलाकार, हंसराज रघुवंशी, आदित्य नारायण, अंकित तिवारी, कैलाश खेर, भूमि त्रिवेदी अपनी शानदार प्रस्तुति दे रहे हैं।

### शिल्पग्राम के मंच पर इन लोक कलाकारों की होंगी प्रस्तुतियां

**1 नवंबर :** शिल्पग्राम मंच में 1 नवंबर को मोहम्मद अनस पियानो वादन, बसंती वैष्णव द्वारा कथक, रमादत्त जोशी और सोनाली सेन का गायन, स्वीटी पगारिया कथक, मंगलूराम यादव की बांसगीत, चारूलता देशमुख भारत नाट्य, दुष्यंत द्विवेदी की पण्डवानी, लोकेश साहू की भजन, बॉबी मंडल की लोक संगीत एवं चंद्रभूषण वर्मा लोकमंच की प्रस्तुति होगी।

**2 नवंबर :** 2 नवंबर को रेखा जलक्षत्रीय की भरथरी, इकबाल ओबेराय की म्यूजिक ग्रुप, बसंतबीर उपाध्याय मानस बैंड, दीपाली पाण्डेय की कथक, लिलेश्वर सिंहा की लोक संगीत, अंविता विश्वकर्मा भारतनाट्यम, आशिका सिंघल कत्थक, प्रांजल राजपूत भरथरी, प्रसिद्धि सिंहा कथक, जीवनदास मानिकपुरी लोकमंच एवं जितेंद्र कुमार साहू सोनहा बादर की प्रस्तुति होगी।

**3 नवंबर :** 3 नवंबर को सुरेश ठाकुर भजन, डॉ. आरती सिंह कथक, राखी राय भरतनाट्यम, पुसउराम बंजारे पण्डवानी, इशिका गिरी कथक, गिरवर सिंह ध्रुव भुंजिया नृत्य, राधिका शर्मा कथक, शांतिबाई चेलक पण्डवानी, दुष्यंतकुमार दुबे सुआ नृत्य, गंगाबाई मानिकपुरी पण्डवानी, संगीता कापसे शास्त्रीय नृत्य, महेंद्र चौहान की चौहान एव बैंड व घनश्याम महानंद फ्यूजन बैंड की प्रस्तुति होगी।

**4 नवंबर :** 4 नवंबर को भुमिसूता मिश्रा ओडिसी, चैतूराम तारक नाचा दल, आशना दिल्लीवार कत्थक, पुष्पा साहू लोक संगीत, महेंद्र चौहान पण्डवानी, प्रीति गोस्वामी कथक, पृथा मिश्रा शास्त्रीय गायन, महेश साहू लोकमंच, विजय चंद्राकर लोक संगीत व तिलक राजा साहू लोकधारा की प्रस्तुति होगी।

**5 नवंबर :** 5 नवंबर को दुर्गा साहू पण्डवानी, डाली थरवानी कथक, संजय नारंग लोकसंगती, सारिका शर्मा कथक, महेश्वरी सिन्हा लोकमंच, चंद्रशेखर चकोर की लोक नाट्य, नीतिन अग्रवाल लोकसंगीत, द्वारिकाप्रसाद साहू की डंडा नृत्य, महुआ मजूमदार की लोकसंगीत व नरेंद्र जलक्षत्रीय लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे।

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन,अमंगलहारी ॥

हर इलाज की अहमियत
हर जीवन की क़द्र
क्योंकि हर लक्षण मायने रखता है

NABH

मूत्र रोग एवं सर्जरी
मूत्र रोग संबंधी समस्या

+ पेशाब न रुकना
+ प्रोस्टेट की समस्या
+ मूत्र मार्ग निंदा/स्ट्रिक्चर का निदान
+ दिन व रात में बार बार पेशाब जाना
+ किडनी,मूत्राशय, टेस्टिस,लिंग तथा जननांग के कैंसर
+ पेशाब की धार कमजोर होना, पेशाब रुक-रुक के आना या पेशाब के लिए जोर लगाना
+ पुरुष बांझपन एवम् नपुंसकता का समाधान एवी फ़िस्टूला तथा गुर्दा प्रत्यारोपण सुविधा







DR SURESH SINGH
Urologist & Kidney transplant Surgion

छ.ग. शासन, आयुष्मान भारत योजना तथा सभी इंश्योरेंस संस्थाओं से मान्यता प्राप्त

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
आपकी जिंदगी, हमारी जिम्मेदारी

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur

धर्म लाइव

## गोवर्धन पर्वत से संवाद पर नृत्य नाटिका समाज के होनहार युवा हुए सम्मानित



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से रविवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में दीपावली मिलन समारोह व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न कक्षाओं में मेरिट में आने वाले 70 विद्यार्थियों गोल्ड एवं सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के वंदन से हुआ। तत्पश्चात महिला मंडल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत के संवाद की मनोहारी नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। महिला मंडल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। महिला मंडल की पूरी टीम ने बहुत अच्छी प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने अध्यक्षीय भाषण दिया और समाज के उपाध्यक्ष संजय अवस्थी ने स्वागत भाषण दिया, सचिव राजेश दीक्षित ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा पूरी टीम ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व और समर्पण से पूरे आयोजन को सफल बनाया।

### विद्यार्थियों को प्रदान किए मेडल कार्यक्रम के बतौर अतिथि

अवधेश त्रिवेदी वरिष्ठ प्रबंधक वाणिज्य रायपुर रेलमंडल रहे। साथ ही बतौर अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास तिवारी व राजेश मिश्रा ने किया। समाज के 70 प्रतिभावान विद्यार्थियों को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 2-2 कुल 4 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं शेष विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे सभी के चेहरों पर गर्व और खुशी छलक उठी।

● छत्तीसगढ़ की रजत जयंती और साइबर क्राइम विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित

# शास्त्रीय गायन में रायगढ़, लखनऊ और बनारस घराने के गीत-संगीत, लोकनृत्य से सजा युवा उत्सव का मंच

*युवा उत्सव के दूसरे दिन भी मंच पर विविध कलाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां छात्रों ने शास्त्रीय गायन की विविध शैलियों में प्रस्तुति दी तो वहीं दूसरी ओर लोकसंगीत भी पेश किया। मंच पर रायगढ़, लखनऊ और बनारस घराने की लयबद्ध प्रस्तुति दी गई। जहां संगीत की शुरुआत ही सुरों की संगत में अनोखे अंदाज से हुई, एकल व सामूहिक रूप में भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूल सात स्वरों की संगत में रचनात्मक गायन पेश किया गया।*



### तोर भुवना...वो दाई तोर भुवना...पर सामूहिक प्रस्तुति

तोर भुवना... वो दाई तोर भुवना, चहके चिरैया बोलै, वो महामाया दाई तोर भुवना...छत्तीसगढ़ी परिधान में सजी छह छात्राओं के समूह ने लोकप्रिय भजन की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर तबला और मंजीरा की थाप पर शहीद राजीव पांडे शासकीय महाविद्यालय भाठागांव के छात्रों ने भक्तिमय प्रस्तुति से दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया। जहां छात्राओं ने 9 मिनट के भजन से खूब तालियां बटोरीं।

### छात्रों ने देश की वर्तमान स्थिति को कविता में पिरोया

मैं भारत की माटी, मेरा जीना हुआ हराम...यह किताब में लिखी देश की मिट्टी के गहराई से जुड़ी हुई, लेकिन देश की वर्तमान स्थिति पर आधारित कविता है। इसे रविवि के छात्रों ने गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया, कार्यक्रम की शुरुआत लयबद्ध की गई। जिसे सुनने के दौरान निर्णायकों ने छात्रों की नवीन सोच को सराहा। प्रस्तुति का समापन यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत...श्लोक के साथ हुआ।

### रचनाओं में दिखी समाज और संस्कृति की तस्वीर

समारोह के दूसरे दिन पेंटिंग और कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों को साइबर क्राइम और छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती जैसे विषय दिए गए। उन्होंने कलात्मक और विचारपूर्ण चित्र तैयार कर देश के युवावर्ग और प्रदेश की स्थिति को बखूबी दर्शाया। पेंटिंग में साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल की दुनिया, छत्तीसगढ़ महतारी, खेती के बाद किसानों की आय और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर जैसे विषयों को रचनात्मक अंदाज में पेश किया गया। छात्रों की इन रचनाओं ने समाज और संस्कृति की तस्वीर जीवंत कर दी।







**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा अंतर-महाविद्यालयीन युवा उत्सव का आयोजन किया गया है, जहां प्रदेशभर से विभिन्न महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया है। भव्य युवा उत्सव के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की रजत जयंती और साइबर क्राइम विषय पर पेंटिंग और कार्टूनिस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभागार शास्त्रीय संगीत और लोकगीतों के सुमधुर स्वरों से गूंजता रहा, जहां रायपुर, धमतरी, भाटापारा, राजिम, महासमुंद, दतरेंगा और अभनपुर क्षेत्र से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### दादरा बेस्ड म्यूजिक और देशभक्ति गीत का फ्यूजन

शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी, ये गुलसितां हमारा...जैसे देशभक्ति गीत की मंचीय प्रस्तुति दी। लोकप्रिय गीत को छात्रों ने नए सुरों के साथ अनोखे अंदाज में पेश किया। इसका म्यूजिक दादरा पर बेस्ड रहा, जिसका सरगम छात्रों ने खुद तैयार किया था। गाने में देश की महिमा को जीवंत करने का बखूबी प्रयास किया गया, जिसमें नदी, पर्वत और प्रकृति की खूबसूरती से संगीत सजा रहा।

धर्म लाइव

## आवासीय बालक छात्रावास के नन्हे छात्रों संग मनाया दीपावली पर्व



**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा संचालित "खुशियों वाली दिवाली" अभियान के चौथे चरण के तहत गंजपारा स्थित आवासीय बालक छात्रावास में दीपावली समारोह का आयोजन किया गया। यह छात्रावास शहरी निर्धन और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आवास, शिक्षा, खेलकूद और मनोरंजन की सुविधा प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रावास परिसर में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद संस्थान के सदस्यों ने बच्चों के साथ पटाखे फोड़े और मिठाई का आनंद लिया, जिससे उन बच्चों के चेहरे पर विशेष मुस्कान देखने को मिली, जो पर्व पर अपने घर नहीं जा सके।

### दीये और मिठाई... बच्चों के चेहरे पर खुशियां

दीपावली समारोह का यादगार बनाने के लिए छात्रावास में रहने वाले, लगभग 10-15 छात्रों ने स्वरचित कविताओं का मंचन किया, समारोह से पहले छात्र अपनी कविताओं के अभ्यास में कई दिनों से लगे रहे। जिन्होंने प्रस्तुति के दौरान देश, पर्यावरण, सपने और माता-पिता की महिमा का बखान कविताओं के माध्यम से किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेविका ज्योति शुक्ला ने की। कार्यक्रम में राजेश पराते, शुभम साहू, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, मनीष अवस्थी, सिंधु झा, अरुण अग्रवाल, मोहम्मद हुसैन, संतोष धीवर, यशवंत यदु, रितेश साहू, डॉ. इंद्रदेव यदु, मनोज साहू सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# आंवला नवमी पर महिलाओं ने की विशेष पूजा परिवार की समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना

**रायपुर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आंवला नवमी का पर्व शहरभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान विष्णु की आराधना के बाद आंवला वृक्ष पर दूध, जल, पुष्प और चावल अर्पित कर परिवार के स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि भगवान विष्णु आंवला नवमी से पूर्णिमा तिथि तक वृक्ष में निवास करते हैं, इस कारण पूजा का विशेष महत्व है। गुरुवार को महिलाओं ने पीला और लाल धागा वृक्ष पर बांधते हुए 7, 11 और 21 बार वृक्ष की परिक्रमा की और परिवार की अखंड सौभाग्य तथा स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्व के दौरान दिनभर मंदिरों और आवासीय क्षेत्रों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली।





इस खास अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जहां आंवला वृक्ष और नीम के पत्तों से सजावट की गई। यहां धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत सुबह स्नान के बाद पेड़ के नीचे साफ-सफाई करते और हल्दी, चावल, कुमकुम का लेप लगाकर किया गया। भक्तों ने अनुष्ठान व मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न की। समापन अवसर पर पूजन स्थल पर ही भक्तों ने विशेष आंवला से तैयार पकवान का प्रसादी ग्रहण किया।



### ऊं नमो भगवते वासुदेवाय का जाप

धार्मिक स्थानों में श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु को स्मरण करते हुए, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप किया। इस मौके पर जैतूसाव मठ, मोतीबाग, बोरियाकला और अनुपम गार्डन में सामूहिक रूप से पूजन किया गया। आंवला नवमी के दौरान दान का भी विशेष महत्व शास्त्रों में दर्शाया गया है, जिसके अनुसार दिनभर मंदिरों के पुजारी, जरूरतमंद और वैष्णवों को दान दिया गया।

## कलार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2 नवंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज, रायपुर (शहर मंडल) द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 2 नवंबर को चंद्राकर मंगल भवन रायपुरा चौक के पास सुंदर नगर रोड पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर के मीडिया प्रभारी राम प्रसाद जयसवाल ने बताया कि कलार समाज के विवाहयोग्य युवक-युवतियों के लिए "विशुद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन-2025" का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा, रायपुर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा शामिल होंगे।

वहीं आयोजन समिति में प्रधान संपादक विकास चंद सिन्हा, संयोजक भवन अमरकांत सिन्हा, मंडलेश्वर पुनाराम सिन्हा, सचिव डॉ. कौशल सिन्हा, कोषाध्यक्ष भोलेश्वर डडसेना कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विवाहयोग्य युवाओं को उपयुक्त जीवनसाथी से परिचय का अवसर देना है।

कार्यक्रम पूर्णतः सामाजिक रहेगा, जिसमें किसी प्रकार की राजनीति या अन्य भाषण नहीं होंगे। कार्यक्रम आयोजन समिति ने प्रतिभागियों से अपील की है कि वे अपने अभिभावकों के साथ, पासपोर्ट साइज फोटो और बायोडाटा सहित परिचय सम्मेलन में उपस्थित हों। कार्यक्रम में प्रतिभागियों व परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

समाज इवेंट

## महाराष्ट्र मंडल में आज तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव



**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति रायपुर चैप्टर द्वारा तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव का आयोजन 1 और 2 नवंबर को राजधानी के चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि आचार्य पं. हरीश मिश्रा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल होंगे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल एवं महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि एकादशी उद्यापन के इस आयोजन में प्रथम दिन फलाहार एवं दूसरे दिन सभी आमजनों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। वही सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि उद्यापन में 51 जोड़े शामिल होंगे, जो भी व्यक्ति आयोजन में हिस्सा लेना चाहते हैं, वे हेल्पलाइन नंबर 9827895533 पर संपर्क कर विस्तृत रूप से कार्यक्रम की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने सचिव सरिता रेखानी, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी हेमलता बंसल व सहप्रभारी कौशल्या गुप्ता, मधु अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**वनबंधु परिषद महिला समिति का दो दिवसीय आयोजन**

होम इंटीरियर डिजाइनर्स व पैरेंट्स ने साझा किए किड्स रूम डेकोरेशन के ट्रेंडी आइडियाज

# बच्चों के कमरे को कार, सुपरहीरो, प्रिंसेस, फ्लॉवर रेनबो और नेचर थीम पर डेकोरेट कर रहे पैरेंट्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हर किसी की चाहत होती है कि घर का हर एक कमरा सुंदर तरीके से सजा रहे। बात जब बच्चों की कमरे की आती है तो पैरेंट्स इसे खूबसूरती से सजाने की सोचते हैं। बच्चों का कमरा सजाना हर माता-पिता के लिए एक खास और मजेदार काम होता है। होम इंटीरियर डिजाइनर अंकिता आहूजा के मुताबिक, किड्स रूम की सजावट करने से पहले बच्चे की पसंद को ध्यान में रखना जरूरी होता है। बच्चे की पसंद के हिसाब से दीवारों का रंग, बेडशीट और सजावट की थीम का चुनाव करना होता है। ऐसा करने से रूम एक जैसा लगता है। बच्चों के कमरों को कार, सुपरहीरो, प्रिंसेस, फ्लॉवर, रेनबो, नेचर थीम पर डेकोरेट कराने का ट्रेंड है। यहीं थीम बच्चों को ज्यादातर पसंद होती है।

दीवारों की सजावट के लिए सबसे पहले इसे खूबसूरत रंग से पेंट करवा लें। अगर कोई थीम के साथ जा रहे हैं तो उसी हिसाब से पेंट करवाएं। पेंट के बाद दीवार को सुंदर वॉलपेपर से सजा सकते हैं। दीवार पर बच्चे की पसंद का कार्टून कैरेक्टर का स्टीकर भी लगा सकते हैं। अगर बच्चे ने खुद से कुछ बनाया है, तो उसे भी दीवार पर सजा सकते हैं।



### स्टडी टेबल को अच्छे से ऑर्गेनाइज करना

इंटीरियर डिजाइनर नेहा वर्मा बताती हैं कि बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर पाएं, इसके लिए रूम में स्टडी टेबल को अच्छे से ऑर्गेनाइज करना सबसे जरूरी काम है। टेबल के सामने की दीवार पर कुछ मोटिवेशनल या पॉजिटिव कोट्स लगाएं। बच्चों की कलरफुल पेंसिल, किताबें और आर्ट-क्रॉफ्ट सामान के लिए अलग शेल्फ रखें और इसे भी सजाएं। यहां एक आरामदायक चेयर भी टेबल के साथ रखी जा सकती है।

### खिलौनों को इकट्ठा करने एक सुंदर बास्केट या बॉक्स रखें

बच्चों के खिलौने अक्सर पूरे घर में फैले रहते हैं। खिलौनों को अच्छी तरह से रखने के लिए एक सुंदर बास्केट या बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं। बच्चों को इस बास्केट में खिलौनों को रखने की आदत धीरे-धीरे डालें। इससे वे अपने काम को करने और व्यवस्था बनाने के गुण सीखेंगे।



इस तरह से किड्स रूम की सजावट बच्चों के मन पर प्रभावशील होती है। बच्चों की पसंद के किड्स रूम की साज-सजावट करने से उन्हें हैप्पी और पॉजिटिव वातावरण का मिलता है, जो बढ़ते बच्चों को किएटिव व एनर्जी से भर देता है। यही वजह है कि हर पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए एक सुंदर किड्स रूम डेकोरेशन की प्लानिंग करता ही है। हरिभूमि टीम ने शहर के कुछ होम इंटीरियर डिजाइनर्स व पैरेंट्स से बातचीत किए तो उन्होंने किड्स रूम डेकोरेशन के ट्रेंडी आइडियाज साझा किए हैं।

### लाइटिंग्स व इंडोर प्लांट से बनाए खूबसूरत

शहर की अनुप्रिया शाह बताती हैं कि उन्होंने इंटीरियर डिजाइनर्स व इलेक्ट्रीशियन से सलाह लेकर अपने बच्चों के कमरों को उनके पसंद के मुताबिक सजाया है, ताकि बच्चे किड्स रूम में कंफर्ट होकर रह सकें। बच्चों के कमरों की लाइट्स का कलर, वोल्टेज का विशेष ध्यान रखा हूं। बच्चों की स्किन और आई को जो सूट करे, रूम में उसी तरह की खूबसूरत लाइटिंग का इस्तेमाल किया गया है। रूम को ग्रीनी बनाने के लिए कुछ इंडोर छोटा-सा प्लांट भी कैरी किया गया है। सुंदर फोटो फ्रेम में बच्चे की तस्वीरों को भी लगाकर सजाया गया है। बेड को सुंदर कुशन और कमरे के फर्श को कार्पेट से सजाए हैं। इससे किड्स रूम का डेकोरेशन परफेक्ट बन गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर के बीच क्रिकेट कल से रायपुर में



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित तथा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेजबानी में रनजी ट्रॉफी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ का तीसरा मैच जम्मू एवं कश्मीर के विरुद्ध 01 से 04 नवंबर तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। उक्त मैच का आनंद दर्शक निःशुल्क ले सकते हैं। मैच हेतु निःशुल्क प्रवेश स्टेडियम के गेट क्रमांक-11 से दिया जाएगा।

### सब जूनियर बॉयज़ नेशनल फ़ुटबॉल में बीटीजीएस के युवराज का चयन



**रायपुर।** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल (बीटीजीएस)। ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में कक्षा 8 के होनहार विद्यार्थी युवराज केशवानी का चयन सब जूनियर बॉयज़ नेशनल फ़ुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम में किया गया है। युवराज लेफ्ट-विंग फ़ॉरवर्ड के रूप में खेलते हैं। उन्होंने अपनी फुर्ती, सटीकता और आत्मविश्वास से कोचों और साथियों को प्रभावित किया है। खेल के प्रति उनका अनुशासन और समर्पण उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता तक ले गया है। विद्यालय के निदेशक प्रत्युष पड़राहा तथा शैक्षणिक निदेशक शोभा पड़राहा और प्रिंसिपल पिल्लई मंजुमोल शिवशंकर ने युवराज की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

### नेशनल मैराथन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे अजय




**रायपुर।** नेशनल मैराथन नागालैंड दीमापुर में गुरुवार को आयोजित हुई। जिसमे हरिशंकर महाविद्यालय के अजय भास्कर ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में मैराथन सितंबर माह में मरीन ड्राइव, रायपुर में संपन्न हुई थी। जिसमें एड्स जागरूकता एवं बचाव कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन दौड़ में पं. हरिशंकर शुक्ला स्मृति महाविद्यालय के अजय भास्कर (बी.पी.एड.) के छात्र ने 11 किमी दौड़ को 40.5 मिनट में पूर्ण कर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने अलग - अलग जिले के 58 प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर 8000 नगद राशि के साथ नेशनल के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया था। दीमापुर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पर छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति व राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना ने अजय को बधाई दी है। महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला व प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

### ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट में आरिज़ बने चैंपियन



**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस संघ के तत्वाधान में प्रदेश संघ द्वारा ऑल इंडिया सीएस-3 अंडर-16 टेनिस टूर्नामेंट 27 से 29 अक्टूबर तक इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम, जोरा में आयोजित की गई। टूर्नामेंट को आर्डिनटर रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त छत्तीसगढ़ के आरिज़ खान ने सार्थक सुंदरानी कों सीधे सेटो में 7-6 (5),7-5 से हराया और फाइनल में विजेता बने। विजेताओं कों छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह चौहान एवं सुशील बालानी ने पुरस्कृत किया। स्पर्धा के निर्णायक लुकेश नेताम, अमन ध्रुव, मोनेश साहू, प्रेम प्रकाश, रोहन मंडल थे।

### अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती में यूटीडी का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** महंत लक्ष्मी नारायण दास के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमे यूटीडी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 50 किग्रा में लक्ष्मी ने रजत पदक, 57 किग्रा में चेतना सिंह ने स्वर्ण पदक, 65 किग्रा में अनुष्ठा मित्तल ने स्वर्ण पदक, 72 किग्रा में प्राची चौबे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में 61 किग्रा देव कुमार ने रजत पदक तथा 97 किग्रा प्रियांशु बंजारे ने रजत प्रदक प्राप्त किया। टीम प्रबंधक के रूप में अनुपम कुमार सिंह तथा टीम कोच के रूप में उपासना विश्वकर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## अच्छी नींद है आपकी सेहत का आधार

# अपनी नींद में सुधार कर लें तो बेहतर होगी याददाश्त, इन बीमारियों में भी मिलेगा लाभ

अच्छी नींद को सेहत का आधार माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि जिन लोगों की रात की नींद अच्छी होती है उनमें कम नींद लेने वालों की तुलना में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। एक रात की भी नींद की समस्या आपको अगले दिन थकान-कमजोरी और चिड़चिड़ेपन का एहसास करा सकती है। वहीं अगर आपको अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है यानी आपको अनिद्रा या नींद विकार है तो ये गंभीर रोगों का कारक हो सकती है।

हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर कम उम्र से ही नींद को ठीक रखने के लिए उपाय कर लिया जाएं तो ये आपको बुढ़ापे में याददाश्त जाने की समस्या- डिमेंशिया रोग से बचा सकती है। जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है उनमें इन विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

इतना ही नहीं नींद विकारों के कारण आपको कई और भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं जिनको लेकर अलर्ट रहने की सभी लोगों को आवश्यकता है।



### डिमेंशिया का हो सकता है खतरा

नींद विकारों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानने के लिए किए गए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि 60 साल से अधिक उम्र के व्यक्तियों में हर साल गहरी नींद में अगर एक फीसदी की भी कमी आती है तो इसके कारण डिमेंशिया होने की आशंका 27 फीसदी तक बढ़ सकती है। अध्ययन में कहा गया है कि अगर कम उम्र से ही गहरी नींद लाने के लिए प्रयास कर लिए जाएं तो बुढ़ापे में याददाश्त जाने वाली इस बीमारी के खतरे को कई गुना तक कम किया जा सकता है। यानी नींद आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए बहुत आवश्यक है।

### वजन को कंट्रोल रखने में ये सहायक

अध्ययनों में हर रात 7 घंटे से कम सोने को नींद की समस्या के तौर पर परिभाषित किया गया है। ये वजन बढ़ने और हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के जोखिम को बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। 2020 के एक विश्लेषण में पाया गया कि जो वयस्क प्रतिरात 7 घंटे से कम सोते थे, उनमें मोटापा विकसित होने का जोखिम 41% बढ़ गया था। यानी कि अगर आप वजन को कंट्रोल रखना चाहते हैं तो नींद में सुधार करना बहुत आवश्यक है।



### दिल रहता है स्वस्थ

नींद की गुणवत्ता और अवधि में कमी को हृदय रोगों के खतरे से जोड़कर देखा जाता रहा है। अध्ययनों के विश्लेषण में पाया गया कि प्रतिदिन 7 घंटे से कम सोने से हृदय रोगों से मृत्यु का जोखिम 13% बढ़ जाता है। यदि आप नींद में सुधार करते हैं और रोजाना रात को 7-9 घंटे की निर्बाध नींद लेते हैं तो ये रक्तचाप को कंट्रोल रखने में



सहायक है और इससे गंभीर हृदय रोगों के विकसित होने का जोखिम कम हो सकता है।

### आप डिप्रेशन से रह सकते हैं सुरक्षित

मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे अवसाद और स्ट्रेस के लिए भी खराब नींद की गुणवत्ता और नींद संबंधी विकारों को एक कारण माना जाता रहा है। 2,672 प्रतिभागियों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि रोजाना रात में नींद पूरी न कर पाने वाले लोगों में समय के साथ अवसाद होने का खतरा अधिक हो सकता है। अनिद्रा या ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया जैसी नींद संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों में भी अवसाद की दर अधिक होती है।



## रक्तचाप संतुलित रखना बड़ी चुनौती, बेचैनी होने पर अनदेखा न करें लक्षण

खराब लाइफस्टाइल का ही असर है कि आजकल हाई बीपी की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पहले यह बूढ़े बुजुर्गों को बीमारी हुआ करती थी लेकिन अब नौजवान युवा भी इसे पीड़ित हैं। कई बार लोग हाई बीपी के शिकार हो जाते हैं, लेकिन उन्हें यह समझ ही नहीं आता है कि उनका ब्लड प्रेशर हाई है। ऐसे में आज हम उन लक्षणों के बारे में जानेंगे जो हाई बीपी होने पर नजर आने लगते हैं।

### क्या है हाई ब्लड प्रेशर?

बता दे की सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 माना जाता है। अगर इससे ज्यादा बीपी का लेवल बढ़ता है तो इसे हाई ब्लड प्रेशर कहा जाता है। लेकिन आज के दौर में 130/80 भी नॉरमल बीपी माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अगर ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे ज्यादा बढ़ा हुआ है तब इसे हाई ब्लड प्रेशर माना जाता है।



## राज्य स्थापना के रजत महोत्सव पर बस्तर की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जीते 10 पदक



**रायपुर।** पहली राष्ट्रीय आदिवासी कायाकिंग एंड कैनोइंग चैंपियनशिप का आयोजन हैदराबाद हुसैन सागर झील में 28 से 31 अक्टूबर तक किया गया। जूनियर और सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में हुई प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर राज्य को रजत जयंती का तोहफा दिया हैयह उपलब्धि इस लिए भी महत्वपूर्ण हे क्यों की जगदलपुर में प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ व सहसचिव प्रदेश संघ के निरंतर प्रयास से अभी कुछ साल पहले ही नौकायान के लिए इक्विपमेंट खरीदे गए थे और प्रशिक्षण शुरू हुआ था। एनआईएस कोच अशोक साहू द्वारा वंहा प्रशिक्षण दे रहे हैं। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कम समय में ऐसा प्रदर्शन उनकी क्षमता को दिखता है। इसके साथ ही एनआईएस कोच पिंकी साहू रायपुर के बूढ़ा तालाब में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही हैं। यहाँ के भी खिलाड़ी निरंतर पदक जीत रहे है.

आज के परिणाम सी 2 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी1 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी 4 मिक्स में ब्रोंज मेडल सीनियर मनमती बघेल, सी 2 मिक्स में ब्रोंज मेडल सागर व मनमती बघेल, सी 1 महिला 500 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल, सी1 500 मी सीनियर में सतीश कुमार ध्रुव सिल्वर मेडल, के1 500 मी सीनियर में सतदेव बघेल ब्रोंज मेडल, सी 4 500 मी में जूनियर सागर, सुमित, अनुज, ब्रोंज मेडल,के2 500 मी में सब जूनियर ईशा मालती ब्रांज मेडल,सी 2 महिला 200 मीटर में मनमती बघेल ब्रोंज मेडल शामिल हैं। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, अभिजीत मिश्रा सचिव, प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव ने बधाई दी है।

## सीएसवीटीयू राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर विजेता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन माधवराव सप्रे मैदान, बूढ़ा तरिया, रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के विभिन्न तकनीकी एवं फार्मेसी संस्थानों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने की। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, तथा विश्वविद्यालय टीम चयनकर्ता कोच द्वय अमन कुमार प्रसाद एवं रविन्द्र सिंह रहे। आयोजन की जिम्मेदारी एसएसआईपीएमटी रायपुर के आयोजन सचिव एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी मिर्जा महमूद बेग ने निभाई। सेमीफाइनल में एसएसआईपीएमटी रायपुर ने आरसीईटी आर1 भिलाई को पराजित किया, जबकि जीईसी रायपुर और झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर के बीच हुए दूसरे सेमीफाइनल में झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर की टीम विजेता रही। फाइनल में एसएसआईपीएमटी रायपुर और झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर आमने-सामने हुईं, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर ने खिताब अपने नाम किया। अंत में चयन समिति द्वारा सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय टीम हेतु -ओमकार जीईसी जगदलपुर, अर्पित एसएसआईपीएमटी रायपुर, अर्पित राय बीआईटी दुर्ग, मोनू दास शा.पॉली.महा. बालोद, आयुष सार्वा बीआईटी दुर्ग, आईसेक सीसीईटी भिलाई, पुष्कर एसएसटीसी भिलाई, वालेश्वर आरएसआर आर 2 भिलाई, कुणाल जीईसी रायपुर, डेनियल रूंगटा फार्मेसी आर1 भिलाई, रिषभ जीईसी जगदलपुर, प्रकाश जीईसी जगदलपुर, तरनजीत एसएसआईपीएमटी रायपुर, सिध्दार्थ एसएसआईपीएमटी रायपुर ,सार्थक बीआईटी दुर्ग, निखिल शा.पॉली महा. बालोद, विकास शा. पॉली. महा. बालोद, केतन एसएसआईपीएमटी रायपुर, भुवन आरसीईटी भिलाई आर1, रितेश दुग्गा जीईसी जगदलपुर, शेख सोहिल एलसीआईटी बिलासपुर, धीरज रूंगटा फार्मेसी आर 1 भिलाई, इशांत रजवाड़े व मिथलेश शा. पॉली. महा. अंबिकापुर का विवि टीम हेतु 24 खिलाड़ी का चयन किया गया है।



राजधानी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

### इनकी निर्णायक भूमिका

मैदान में निर्णायक भूमिका निभाने वाले रेफरी तौकिर कुरैशी, प्रियतम यादव, आकाश पटवा, विनय फुटान, फहद हुसैन और अब्दाल खान के साथ मुस्ताक अली प्रधान, सागर साहू, शिवम साहू, अजय साहू, एम. संदीप, उमेश साहू, गोपी निषाद सहित सैकड़ों खिलाड़ी एवं खेल अधिकारी उपस्थित रहे।

### विजेता, उपविजेता सम्मानित

समापन में विजेता व उपविजेता टीमों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद अग्रवाल व विवि खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज, पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, वरि. खेल अधिकारी मिर्जा महमूद बेग, मुस्ताक अली प्रधान फुटबॉल संघ के पदाधिकारी करकमलों से ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो
साथ में आर्कषक उपहार पाओ
आसान किस्तों में 0% डाऊनपेमेंट में
BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टार्ट
MRP. 6700/-
Free Gift
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
लोडर 160000/- में ऑन रोड
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध हैं
और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध हैं
न्यूनतम डाउनपेमेंट 25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैरस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

BAXY Mobility
भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
तत्काल फायनेंस की सुविधा
15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
120 किलोमीटर तक की रेंज
130/135 AH की बैटरी के साथ
मजबूत एवं भरोसेमंद ▪ लो मेंटनेंस
दीवाली धमाका
मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर LED TV फ्री
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment
3 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
XO 501/- में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर,
मो. 87708 96699, 99079 60900

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## नोलन ने खोले राज- बताया इस साल की अपनी फेवरेट फिल्म और एक्टर का नाम

दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन हाल ही में पॉडकास्ट में नजर आए। दुनिया जहां उनकी फिल्मों की मुरीद है, वहीं डायरेक्टर ने एक एक्टर की हालिया रिलीज फिल्म की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि 2025 में इससे बेहतर दर्शकों को और कुछ नहीं मिल सकता।




ब्रिटिश-अमेरिकी फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन के हम सब मुरीद हैं। दो बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके नोलन अपनी अद्भुत और लीक से हटकर स्टोरी टेलिंग के लिए जाने जाते हैं। फिर चाहे 2002 में आई 'इनसोमनिया' हो, 'द डार्क नाइट ट्रिलॉजी' हो, या फिर 'इन्सेप्शन', 'इंटरस्टेलर' या 'ओपेनहाइमर', दिग्गज डायरेक्टर ही हर फिल्म ने अमिट छाप छोड़ी है। मजेदार बात यह है कि हाल ही एक पॉडकास्ट में पहुंचे नोलन ने एक हालिया रिलीज फिल्म और इसके लीड एक्टर की जमकर तारीफ की है। उन्होंने खुद को 'फैन' बताते हुए कहा कि साल 2025 में वर्ल्ड सिनेमा को इससे बेहतर कुछ और नहीं मिल सकता। 'द डायरेक्टर्स कट पॉडकास्ट' पर आए क्रिस्टोफर नोलन ने जिस फिल्म की इतनी तारीफ की है, वो है इसी महीने अक्टूबर में रिलीज हुई 'द स्मैशिंग मशीन', जिसमें ड्वेन जॉनसन लीड रोल में हैं। पॉडकास्ट में नोलन के साथ 'द स्मैशिंग मशीन' के डायरेक्टर बेनी सफी भी मौजूद थे। फिल्म में ड्वेन जॉनसन की एक्टिंग को 'दिल तोड़ने वाला' बताते हुए नोलन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ड्वेन का मार्क का किरदार 'अविश्वसनीय' है। मुझे लगता है कि यह एक अविश्वसनीय परफॉर्मेंस है और आप इस साल या अगले कई साल में इससे बेहतर काम नहीं देख पाएंगे।'

### टॉलीवुड

## बाहुबली 3 पर प्रोड्यूसर शोबू ने तीसरे पार्ट पर तोड़ी चुप्पी, सरप्राइज मिलेगा आज

'बाहुबली' के प्रोड्यूसर शोबू यारलागड्डा ने 'बाहुबली 3' को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा है कि टीम के पास कहानी को लेकर कई आइडियाज हैं। वहीं दूसरी ओर, उन्होंने 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही 'बाहुबलीः द एपिक' पर भी बात की है।



एसएस राजामौली के डायरेक्शन में बनी 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' ने भारतीय सिनेमा की तस्वीर बदल दी। इन दोनों फिल्मों ने जहां सही मायने पैन इंडिया रिलीज ट्रेंड की शुरुआत की, वहीं बॉक्स बॉफिस पर बंपर कमाई। साल 2017 में 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' की रिलीज के बाद से यह चर्चा आम रही है कि क्या मेकर्स इसका तीसरा पार्ट यानी 'बाहुबली 3' भी लेकर आएंगे। अब छह साल बाद जब सिनेमाघरों में पिछली दोनों फिल्मों को मिलाकर 'बाहुबलीः द एपिक' को रिलीज किए जाने की तैयारी है, फ्रैंचाइज के निर्माता शोबू यारलागड्डा ने तीसरे पार्ट पर चुप्पी तोड़ी है। इंटरव्यू में, शोबू यारलागड्डा ने 'बाहुबली 3' को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि अभी इसके तीसरे पार्ट को लेकर कोई योजना नहीं है। हालांकि, प्रोड्यूसर ने इस बात पर जोर दिया कि टीम अन्य प्रारूपों यानी सीरीज या शो के जरिए 'बाहुबली' की दुनिया को आगे बढ़ाने में जरूर रुचि रखती है। निर्माता ने पिछले दोनो पार्ट की री-रिलीज 'बाहुबलीः द एपिक' पर बात करते हुए कहा, 'फैंस को यह फिल्म दो-पार्ट वाली महागाथा को पर्दे पर एक बार फिर ग्रैंड एक्सपीरियंस देगी।' उन्होंने कहा, 'नहीं, 'बाहुबली 3', बिल्कुल नहीं। लेकिन हमारे पास कुछ और सरप्राइज हो सकते हैं, पर 'बाहुबली 3' नहीं। 'बाहुबली 3' के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है।' शोबू यारलागड्डा ने कहा कि 'बाहुबली' की दुनिया में अभी भी कहानी को आगे बढ़ाने की भरपूर संभावनाएं हैं।

### भोजपुरी

## लव लेटर से शुरू हुई प्रेम कहानी बदल गई आंसुओं में, रुला देगा ट्रेलर

माही श्रीवास्तव और रितेश उपाध्याय की नई भोजपुरी फिल्म 'उमा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करीब चार मिनट का यह ट्रेलर ऐसा है, जो आपको भावुक कर देता है। कहानी एक प्यारी सी प्रेम कहानी की है, जिस पर गम की बिजलियां गिरती हैं। भोजवुड में हमेशा से एक्शन फिल्मों का बोलबाला रहा है। तड़क-भड़क वाले गीत संगीत का जोर है। ऐसे में डायरेक्टर अनंजय रघुराज एक ऐसी दिल छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसके करीब चार मिनट के ट्रेलर को देखकर ही आप का दिल भर आएगा। माही श्रीवास्तव और रितेश उपाध्याय स्टारर फिल्म 'उमा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी में वो सबकुछ है, जो आप एक बेहतरीन ड्रामा फिल्म से उम्मीद करते हैं। एक अच्छी दिल छू लेने वाली कहानी, प्यार का रूमानी एहसास और दर्द का समंदर। 'उमा' की कहानी इसके डायरेक्टर अनंजय रघुराज ने ही लिखी है। फिल्म को रत्नाकर कुमार ने प्रोड्यूस किया है। स्कीनप्ले और डायलॉग अरबिंद तिवारी और राकेश त्रपिाठी का है। जबकि इसके गीतों को संगीत से सजाने का काम साजन मिश्रा ने किया है। गीतकार धरम हिंदुस्तानी हैं।



भोजपुरी फिल्म 'उमा' के ट्रेलर की शुरुआत माही और रितेश के रूमानी प्यार से होती है। तांका-झांकी, कभी साइकिल तो कभी स्कूटर से पीछा और फिर प्रेम पत्र का दौर। दो जवान आत्मा एक-दूसरे की मोहब्बत में अभी डूब ही रही होती है कि उनकी प्रेम कहानी को गांव के कुछ लोगों की नजर लग जाती है।




टमाटर की रंगत बिखेरता लाल रंग फैशन की दुनिया में अलहदा पहचान रखता है। मॉडल लाक्वान स्मिथ, बोटेगा वेनेटा, प्रबल गुरुंग और बाल्मेन ने हाल ही में लंदन फैशन शो में इस टमाटरी रंगत की खूब नुमाइश की। हालांकि यह चटक वसंत ऋतु का लाल रंग है लेकिन इस मौसम में भी इसके पूरे आउटफिट्स रनवे पर छाए रहे और यहाँ-वहाँ इसके कुछ हिस्से भी दिखाई दिए।

## त्वचा को रखना है स्वस्थ तो ऐसे तैयार करें फेस मिस्ट

मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे मौसम बदलता है, वैसे-वैसे खाने-पीने से लेकर रहन-सहन तक में काफी बदलाव सा आ जाता है। मौसम के बदलाव में सबसे ज्यादा त्वचा को खास तरह के स्किन केयर की जरूरत होती है। अगर शुरुआती दिनों में त्वचा का ध्यान रख लिया जाए तो सर्दियों में भी त्वचा काफी स्वस्थ रहती है। त्वचा को सर्दियों में हाइड्रेट रखने के लिए लोग फेस मिस्ट का इस्तेमाल करते हैं लेकिन बहुत से लोगों को बाजारों में मिलने वाले केमिकल वाले फेस मिस्ट इस्तेमाल करने से डर लगता है। ऐसे में आज हम आपको घर पर फेस मिस्ट बनाने का सही तरीका बताएंगे। फेस मिस्ट का इस्तेमाल त्वचा को तरोताजा रखने के लिए किया जाता है। इसको घर पर बनाना बेहद आसान है। आइए आपको घर पर फेस मिस्ट बनाना बताते हैं, ताकि आप केमिकल वाले मिस्ट से छुटकारा पा सकें।

### ग्रीन टी फेस मिस्ट

अगर आपकी त्वचा काफी ऑयली है और उस पर कई मुंहासे हैं तो ग्रीन टी फेस मिस्ट आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। इसके इस्तेमाल से पिंपल्स की समस्या भी खत्म होती है।

### इसे बनाने का तरीका

इसके लिए आधा कप पानी में ग्रीन टी बैग डालें और इस पानी को ठंडा होने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसमें दो से तीन चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इसके बाद इस पानी को स्प्रे बोतल में भर दें। इसे फ्रिज में रखकर आप एक हफ्ते तक इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। चेहरा धोने के बाद इसे चेहरे पर स्प्रे करें।

### खीरा फेस मिस्ट



जिस तरह से खीरे का सेवन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसकी तरह ही इससे बना फेस मिस्ट भी त्वचा की कई परेशानियों को दूर करता है। इससे त्वचा लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है।


### इसे बनाने का तरीका

अगर आप घर पर इसे बनाना चाहते हैं तो एक खीरा लेकर इसे सबसे पहले पीस लें। इसके बाद खीरे का रस निकालकर इसमें 6 से 8 बूंदे एसेंशियल ऑयल की बूंदे मिलाएं। इसके साथ ही इसमें गुलाब जल मिलाएं। अब एक स्प्रे बोतल में भरकर आप इसका इसका इस्तेमाल हर रोज सुबह कर सकती हैं।

### जान लें इसके फायदे

वैसे तो बाजार में आपको आसानी से फेस मिस्ट मिल जाएगा, लेकिन अगर आप घर पर इसे बनाएंगे तो इसमें किसी तरह का कोई केमिकल नहीं मिला होगा। घर पर बना फेस मिस्ट काफी फ्रेश भी होता है, जिससे इससे त्वचा काफी खिली-खिली रहती है।

## अपने श्रृंगार में शामिल करें इन्हें देखकर खुश हो जाएंगे पतिदेव



त्योहार, शादियों और पार्टियों के इस मौसम में महिलाएं खूब अच्छे से साज-श्रृंगार करती हैं। महिलाएं इसकी तैयारी भी पूरी कर रखती है। खास कर सुहागिन महिलाओं के लिए कुछ खास त्यौहारों पर 16 श्रृंगार करने की भी परंपरा है। वैसे तो महिलाएं इसके लिए पूरी तैयारी कर ही लेती हैं, लेकिन परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। दरअसल, नई दुल्हनों को ये समझ ही नहीं आता कि वो खास मौके पर कैसे तैयार हों। आपको इस बारे में जरूर जानना चाहिए कि अपने श्रृंगार में क्या शामिल करें।





### लाल साड़ी को दें प्राथमिकता

अगर शादी के बाद पहली बार किसी पारिवारिक फंक्शन में जा रही हैं तो अपनी शादी के खास ड्रेस को प्राथमिकता दें। अगर आप शादी का लहंगा नहीं पहनना चाहतीं तो लाल रंग की साड़ी को ही प्राथमिकता दें। ये देखने में काफी प्यारी लगती है।

### लाल और हरी चूड़ी

त्यौहारों का दिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में लाल साड़ी के साथ आप हरे रंग की चूड़ियां पहन सकती हैं। ये आपके लुक को और ज्यादा खूबसूरत बनाने में मदद करेंगी। अगर आप हरी चूड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लाल रंग के चूड़ा को पहनकर अपना लुक पूरा करें।

### मांग टीका

अपने श्रृंगार को पूरा करने के लिए मांगटीका जरूर पहनें। ये सुहागिनों के लिए काफी अहम होता है।

### जरूर लगाएं सिंदूर

सिंदूर को सुहागिन महिलाओं की निशानी माना जाता है। ऐसे में तैयार होते वक्त सिंदूर लगाना ना भूलें। आपके सुहागन लुक को सिंदूर ही पूरा कर सकता है। इसके बिना आपका श्रृंगार अधूरा है।

### गजरा

अगर आप पारंपरिक रूप से तैयार होना चाहती हैं तो बालों में गजरा जरूर लगाएं। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

## पार्लर जाने के बजाय घर पर करें हेयर स्मूदनिंग

अगर आपके बाल फ्रिजी, वेवी और थोड़े से घुंघराले हैं, तो आपके लिए हेयर स्मूदनिंग बेस्ट हो सकती है। स्मूदनिंग से आपके बाल स्ट्रेट और शाइनी हो जाएंगे। यही कारण है कि आजकल महिलाओं के बीच हेयर स्मूदनिंग का क्रेज बढ़ गया है। लेकिन अब आप सोच रही होंगी कि इसके लिए तो आपको पार्लर जाना पड़ेगा और हजारों रूपये खर्च करने पड़ेंगे। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। आप चाहें तो घर पर भी हेयर स्मूदनिंग कर सकती हैं।

स्मूदनिंग करने के लिए सबसे पहले अपने बालों को माइल्ड फॉर्मूला वाले शैंपू से धो लें। यानी एक ऐसा शैंपू जिसमें केमिकल की मात्रा कम हो। अगर आपके बाल ज्यादा डैमेज हैं तो आप ओट मिल्क और शहद से बने शैंपू का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों चीजों में ऐसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो डैमेज बालों को सही करने और उन्हें मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

बालों को शैंपू से धोने के बाद अगला स्टेप इन्हें सुखाना है। आपको बालों को सुखाने के लिए ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे



बालों में मौजूद मॉइश्चर के ट्रेसिस नजर नहीं आएंगे। बालों को सुखाने के लिए इन्हें चार सेक्शन में डिवाइड कर दें। फिर एक-एक सेक्शन को ब्लो ड्रायर से सुखा लें। ऐसा करने से आपके बाल पूरी तरह से सुख जाएंगे।

हेयर स्मूदनिंग के लिए तीसरा स्टेप है, बालों में स्मूदनिंग क्रीम लगाना। आप चाहें तो मार्केट से भी यह क्रीम खरीद सकती हैं। या फिर घर पर भी बना सकती हैं। बालों में स्मूदनिंग क्रीम लगाने के लिए आपको मास्किंग ब्रश चाहिए होगा।


## आइब्रो के बालों को घना बनाने करें तेल का इस्तेमाल

आइब्रो के बालों को घना बनाने के लिए आप घरेलू चीजों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह एक ऐसा घरेलू नुस्खा है, जिसकी मदद से आप आसानी से घर पर मौजूद चीजों से आइब्रो हेयर की देखभाल कर इन्हें घना बना पाएंगी। आप एलोवैरा जेल और कैस्टर आइल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

एलोवेरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आइब्रो के बालों को पोषण देने में मदद करते हैं। यह त्वचा के रूखेपन को कम करने में मदद करता है। बालों और स्किन को डीप क्लीन करने के लिए एलोवेरा बेहद फायदेमंद होता है। कैस्टर ऑयल आइब्रो के बालों को थिक बनाने में बेहद मददगार होता है। साथ ही कैस्टर ऑयल आइब्रो हेयर को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व आइब्रो हेयर को जड़ से मजबूत बनाने का काम करती हैं। आइब्रो को घना बनाने के लिए आप नारियल तेल और अरंडी के तेल को मिलाकर लगा सकते हैं। इन तेलों को रात में सोने से पहले आइब्रो पर हल्के हाथ से मसाज करते हुए लगाएं और सुबह धो लें।

### विभिन्न तेलों का उपयोग कैसे करें

नारियल तेल में मौजूद फैटी एसिड और विटामिन ई बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। अरंडी के तेल में



मौजूद राइसीनोलिक एसिड बालों की ग्रोथ को तेज करने में मदद करता है। जैतून का तेल हेयर फॉलिकल्स को मजबूत बनाने और ग्रोथ को बढ़ावा देने में सहायक है। एक छोटा चम्मच नारियल तेल और एक छोटा चम्मच जैतून का तेल लें। दोनों तेलों को अच्छी तरह मिलाएं। रात को सोने से पहले इस मिश्रण को अपनी आइब्रो पर हल्के हाथों से 5-10 मिनट तक मालिश करें। रातभर के लिए इसे लगा रहने दें। अगली सुबह इसे सामान्य पानी से धो लें।

अन्य विकल्प पर भी आप विचार कर सकती हैं। अरंडी के तेल को पेट्रोलियम जेली के साथ मिलाकर लगाने से भी फायदा होता है, रोज़मेरी तेल को नारियल या बादाम तेल के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है।

कार्नर न्यूज

### पार्टियों में आपकी तैयारी होनी चाहिए खास

## कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे हों तैयार कि आप बन जाएं महफिल की शान, जानिए खास टिप्स

कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है लेकिन कपड़े क्या पहने समझ नहीं पा रहे हैं तो आपको कॉकटेल पार्टी से जुड़े कुछ खास टिप्स जरूर आजमाने चाहिए। ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं।

कॉकटेल अटायर आमतौर पर कॉकटेल पार्टी, शाम के इवेंट, रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं। वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है। कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के



लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा। आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।

कॉकटेल पार्टी में आकर्षक दिखने के लिए, एक स्टाइलिश अटायर चुनें जिसमें फैब्रिक, रंग और एक्सेसरीज़ का ध्यान रखें, जैसे कि शाम के लिए डार्क या मैटेलिक रंगों के परिधान पहनना और स्टेटमेंट ज्वेलरी या बारलेट को शामिल करना। अपनी साफ-सफाई और ग्रूमिंग का भी ध्यान रखें।

### पहनावा और स्टाइल

कॉकटेल अटायर के लिए, आप नी-लेंथ या टी-लेंथ ड्रेस, स्कर्ट और ब्लाउज पहन सकती हैं। रंगों में डार्क या मैटेलिक रंग क्लासिक पसंद होते हैं। इनके साथ एक्सेसरीज़ के तौर पर स्टेटमेंट नेकलेस, स्पार्कलिंग इयररिंग्स या चिक बारलेट आपकी पोशाक को निखार सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके कपड़े और आप खुद साफ-सुथरे और ग्रूमड दिखें।

